वर्ष 24, अंक 205, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार 3 फरवरी 2026 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# राहुल का सरकार पर वार, राजनाथ सिंह का पलटवार

## सदन में संग्राम



**नई दिल्ली**

**विपक्ष** के नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा अपना नौवां केंद्रीय बजट पेश करने के एक दिन बाद राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान अपनी बात रखी। राहुल गांधी की बहस के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हस्तक्षेप किया, जिसके बाद सदन में खूब हंगामा देखने को मिला। बहस के लिए कुल 18 घंटे का समय निर्धारित किया गया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4 फरवरी को अपना जवाब देंगे। संसद का बजट सत्र 28 जनवरी, 2026 को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के पारंपरिक संबोधन के साथ शुरू हुआ। राज्यसभा में सोमवार को सदस्यों ने फर्जी जाति प्रमाणपत्र, किसानों की समस्याओं और मानव पशु संघर्ष जैसे मुद्दे उठाए और सरकार से इनके समाधान की मांग करते हुए कहा कि आम आदमी को इन वजहों से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

लोकसभा की कार्यवाही

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को सदन में एक पूर्व सेना प्रमुख के संस्मरण के मसौदे के कुछ अंश का हवाला देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पर निशाना साधने का प्रयास किया, जिस पर सत्तापक्ष और कांग्रेस के सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक एवं हंगामा देखने को मिला तथा सदन की कार्यवाही बाधित हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष की बातें पूरी तरह से काल्पनिक हैं और वह सदन को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। सदन में गतिरोध बने रहने पर सभा की बैठक पहले अपराह्न दो बजकर नौ मिनट पर अपराह्न तीन बजे तक, दूसरी बार तीन बजकर आठ मिनट पर शाम चार बजे तक और फिर चार बजकर 10 मिनट पर मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद तेजस्वी सूर्या ने सोमवार को कांग्रेस और पूर्ववर्ती संप्रग सरकार पर युवाओं को दिशाहीन करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी ने दस साल के शासन में केवल काम नहीं कर पाने के बहाने दिए, जबकि मोदी सरकार ने चुनौतियों के बावजूद विकसित भारत की दिशा में कदम बढ़ाया और युवाओं को सशक्त बनाया। भाजपा सांसद ने कहा 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार आने के बाद वादा किया गया कि देश में परंपरा और प्रौद्योगिकी को एक साथ आगे बढ़ाया जाएगा।

सरकार ने सोमवार को कहा कि देश में हरित आवरण बढ़ाने के लिए ह्यनमो वनह्न के नाम से नगर वन विकसित किये जा रहे हैं और इसके लिए सभी सांसदों को राज्य सरकारों के माध्यम से प्रस्ताव भेजकर सहयोग करना चाहिए। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि देश में हरित आवरण बढ़ाना आवश्यक है जिसके लिए ह्यक्षतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन और योजना प्राधिकरण (कैम्पा) की राशि को भी बढ़ाया जाता है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक बार फिर अपनी यह अपील दोहराई कि सदस्य छोटे प्रश्न पूछें और संबंधित मंत्री उनके संक्षिप्त उत्तर दें ताकि अधिक से अधिक सदस्यों को पूरक प्रश्न पूछने का अवसर मिल सके। प्रश्नकाल के दौरान श्रम और रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे के जवाब पूरा करने के बाद अध्यक्ष ने यह बात कही।

राज्यसभा की कार्यवाही

सरकार पर कथनी और करनी में अंतर होने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कांग्रेस ने सत्ता पक्ष से जानना चाहा कि उसके द्वारा किया गया कौन सा वादा पूरा किया गया? राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर पेश किए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा ले रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि 2014 में नरेन्द्र मोदी सरकार ने ह्यसबका साथ सबका विकासह्न कहा, 2019 में इसमें ह्यसबका विश्वासह्न विश्वास जोड़ दिया और अब इसमें ह्यसबका प्रयासह्न जोड़ा गया है।

उन्होंने कहा कि मैं जानना चाहता हूं कि क्या सबका साथ, सबका विकास में मुस्लिम, इसाई, दलित, आदिवासी शामिल हैं? आप जो कह रहे हैं, उससे आपकी नीतियां बिल्कुल अलग हैं। सिंह ने दावा किया कि न प्रधानमंत्री को सबका साथ मिला, न उन्होंने सबका विकास किया।

## 'आर्मी को भईया कभी बदनाम नहीं करेंगे', एमएम नरवणे की किताब पर मचा बवाल तो राहुल गांधी के बचाव में उतरीं बहन प्रियंका



**लोकसभा** में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के संसद में दिए बयान पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि आर्मी को भैया कभी बदनाम नहीं करेंगे. कांग्रेस सांसद ने कहा, 'वह आर्मी चीफ की किताब का एक हिस्सा पढ़ रहे थे इसमें बदनाम करने वाली क्या बात है. नियम है कि पब्लिक सोर्स होना चाहिए. चाहे वो किताब हो या मैगजीन. यह किताब का एक अंश है, जो मैगजीन में पब्लिश हो चुका है. इसमें कोई अप्रमाणित सोर्स नहीं है तो फिर समस्या क्या है? ऐसे में मोदी सरकार क्यों डर रही है?'

'चीन के सामने 56 इंच की छाती का क्या हुआ'

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार इस बात से डरी हुई है कि पूर्व आर्मी चीफ एम एम नरवणे के किताब की बातें सामने आईं तो देश को बीजेपी के दोनों प्रमुख नेताओं की असलियत पता चल जाएगी और यह भी मालूम पड़ जाएगा कि चीन के सामने '56 इंच की छाती का क्या हुआ. लोकसभा में गतिरोध बने रहने पर सदन की बैठक दो बार के स्थगन के बाद शाम चार बजकर 10 मिनट पर मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई.

मोदी सरकार डरी हुई है: राहुल गांधी

सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद राहुल गांधी ने संसद परिसर में दावा किया, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राजनाथ सिंह और पूरी सरकार सिर्फ एक लाइन से डरी हुई है. वो लाइन मैं संसद में बोलूंगा, मुझे कोई नहीं रोक पाएगा. बाद में उन्होंने एक्स पर लिखा, ह्यपूर्व सेना प्रमुख का बयान उजागर कर देगा कि पीएम मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना को कैसे निराश किया।

## 'वे खुद को संसद से ऊपर समझते हैं'- किरेन रिजिजू



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान संसदीय नियमों का कथित उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के बार-बार निर्देश देने के बावजूद, कांग्रेस नेता अध्यक्ष को चुनौती देते रहे और विषय से भटकते रहे, जिसमें चीन सीमा का मुद्दा उठाना भी शामिल था। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। हम सभी विपक्ष के नेता राहुल गांधी का भाषण सुनने के लिए बैठे थे। लेकिन शुरू से ही राहुल गांधी ने नियमों का उल्लंघन किया और एक ऐसी किताब का हवाला देना शुरू कर दिया, जिसके प्रकाशन और प्रामाणिकता का स्पष्ट उल्लेख नहीं है। रिजिजू ने दावा किया कि रक्षा मंत्री और हम सभी ने कहा कि सदन नियमों के अनुसार चलेगा और नियमों के अनुसार ही बोलना चाहिए... कोई अध्यक्ष को चुनौती नहीं दे सकता। लोकसभा अध्यक्ष के निर्देश के बाद भी राहुल गांधी वही गलती दोहराते रहे... उन्होंने आधा घंटा बर्बाद किया, नियमों का उल्लंघन किया और वही बात दोहराते रहे। उन्होंने चीन सीमा पर बोलना शुरू कर दिया... क्या कांग्रेस पार्टी 1959 और 1962 में चीन द्वारा कब्जा की गई भूमि को वापस ला सकती है?

रिजिजू ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग की और उन पर संसद से ऊपर खुद को रखने और बार-बार उसके नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। रिजिजू ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है जो प्रक्रिया का पालन करता है, और आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं ने व्यवधान को बढ़ावा दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि राहुल गांधी को चीन सीमा मुद्दे से संबंधित पार्टी के "पापों" के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

## सीएम हिमंता के 'मियां' बयान पर बवाल, हेट स्पीच बताकर जमात पहुंची

**असम**

**असम** में मिया मुसलमानों को निशाना बनाकर कथित रूप से नफरत फैलाने वाले भाषण के मामले में जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में मुख्यमंत्री के बयान को नफरत फैलाने वाला और दो समुदायों के बीच विभाजन पैदा करने वाला बताया गया है। याचिका में असम के मुख्यमंत्री द्वारा 27 जनवरी को दिए गए उस बयान का जिक्र है, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर 4 से 5 लाख "मिया" मतदाताओं को मतदाता सूची से हटाने की बात कही थी। याचिका में मिया शब्द के आपत्तिजनक प्रयोग का भी उल्लेख किया गया है, जिसमें तर्क दिया गया है कि असम में इस शब्द का प्रयोग मुसलमानों के विरुद्ध अपमानजनक तरीके से किया जाता है।

जमीयत ने सर्वोच्च न्यायालय से असम के मुख्यमंत्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश देने की अपील की है ताकि भविष्य में कोई भी संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति इस तरह के बयान न दे सके।

## पीएम से पूछिए क्या उनके माता-पिता का जन्म प्रमाणपत्र है?

### ज्ञानेश कुमार से मुलाकात के बाद भड़कीं ममता बनर्जी



**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ लगभग 90 मिनट की बैठक के बाद चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाताओं के नाम बड़े पैमाने पर हटाए जाने का आरोप लगाया और चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया। बैठक से बाहर निकलते हुए बनर्जी ने पत्रकारों से कहा कि बंगाल में आम बात है कि मामूली वर्तनी की गलतियों और नाम में बदलाव के आधार पर मतदाताओं के दावे रद्द किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, पहले तो उन्होंने लोगों के नाम हटा दिए। चुनाव आयुक्त भाजपा का सूचना प्रौद्योगिकी विभाग है। क्या आप इसे लोकतंत्र कहते हैं? बनर्जी ने कहा कि नाम वर्तनी में अंतर के कारण भी हटाए जा रहे थे, जैसे कि बनर्जी और बंद्योपाध्याय, मुखर्जी और मुखोपाध्याय, या चटर्जी और चट्टोपाध्याय। बंगाल में उपनाम बदलते हैं। लोग अपनी उपाधियाँ बदलते हैं। उपाधियों में बदलाव के कारण लोग अपने नाम कटवा रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि ऐसे अंतरों को असंगतियाँ बताकर मतदाता सूची से नाम हटाए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि बिना सुनवाई का मौका दिए ही 58 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं।

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश जैसी लापरवाही फिर आई सामने, बड़ा खतरा टला

**बेंगलुरु**

**एअर** इंडिया के बेड़े में शामिल बोइंग-787 ड्रीमलाइनर विमान में एक बार फिर गंभीर तकनीकी खराबी सामने आई है. मामला लंदन हीथ्रो से बेंगलुरु आने वाली फ्लाइट अक132 का है जहां उड़ान भरने से ठीक पहले ऐसी गड़बड़ी पकड़ी गई जिसने विमानन सुरक्षा मानकों पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं. सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह खराबी बिल्कुल वैसी ही है जैसी कुछ समय पहले अहमदाबाद में क्रैश हुई AI-171 फ्लाइट में सामने आई थी.

उड़ान से पहले बड़ा खतरा टला

1 फरवरी 2026 को जब एअर इंडिया का बोइंग 787--8 विमान बेंगलुरु के लिए उड़ान भरने की तैयारी कर रहा था, तभी इंजन स्टार्ट के दौरान पायलटों ने एक गंभीर तकनीकी समस्या महसूस की. Safety Matters Foundation के मुताबिक विमान के बाएं इंजन का फ्यूल कंट्रोल स्विच अपनी जगह पर लॉक नहीं हो रहा था पायलटों ने जब इसे 'RUN' मोड पर सेट किया तो वह अपने आप 'CUTOFF' की ओर खिसक गया।

### 'सुनेत्रा पवार ने किसकी इच्छा पर डिप्टी सीएम'

## उद्धव ठाकरे गुट का सामना में बड़ा सवाल



**महाराष्ट्र**

**शिवसेना** ने सोमवार (02 फरवरी) को दावा किया कि एनसीपी नेता सुनेत्रा पवार के महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम के रूप में शपथ लेने के पीछे बीजेपी नेतृत्व का हाथ था. यह शपथ ग्रहण उनके पति अजित पवार के निधन के कुछ ही दिनों बाद हुआ. शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय में यह भी आरोप लगाया गया कि बीजेपी नेतृत्व और ठउढ के नेता सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल एनसीपी के दोनों गुटों का विलय नहीं चाहते हैं. 'सामना' के संपादकीय में कहा गया कि सुनेत्रा पवार का डिप्टी सीएम पद सिर्फ दिखावटी नहीं होना चाहिए और यह राय व्यक्त की गई कि वह 'गूंगी गुड़िया' बनकर प्रभावी ढंग से काम नहीं कर सकतीं. संपादकीय में दावा किया गया कि एनसीपी सनातनी विचारधारा वाली बीजेपी के साथ गठबंधन में है, और सुनेत्रा पवार का अपने पति के अंतिम संस्कार से पहले ही शपथ लेना हिंदुत्व की मान्यताओं के अनुरूप नहीं है.

सुनेत्रा पवार ने किसकी इच्छा पर शपथ ली- सामना

शिवसेना के मुखपुत्र में कहा गया कि महाराष्ट्र के सामने सवाल यह है कि सुनेत्रा पवार ने किसकी इच्छा पर उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली, क्योंकि न तो एनसीपी (एसपी) अध्यक्ष शरद पवार, न ही इसकी कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले और न ही पवार परिवार के किसी सदस्य को इसकी जानकारी थी. संपादकीय में यह भी कहा गया कि सुनेत्रा पवार ने शपथ ग्रहण समारोह के लिए बारामती से मुंबई रवाना होने का जरा सा भी संकेत नहीं दिया.

बीजेपी नेतृत्व इस राजनीति का मास्टरमाइंड- सामना

उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) ने दावा किया कि बीजेपी नेतृत्व इस राजनीति का मास्टरमाइंड है. अजित पवार की मृत्यु के बाद पवार परिवार और महाराष्ट्र की राजनीति में जटिलताएं बढ़ गई हैं. कई लोग चाहते हैं कि ये मुद्दे सुलझें नहीं।

## 'हम रेड कारपेट बिछाते हैं, वो ब्लैक से कर रहे स्वागत'- ममता



**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दिल्ली पहुंचते ही केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस पर तीखा हमला बोला है. उन्होंने कहा कि वह चाणक्यपुरी स्थित बंग भवन जा रही हैं, जहां बंगाल से आए लोगों से मिलेंगी और दिल्ली पुलिस द्वारा कथित तौर पर किए जा रहे अत्याचारों की जानकारी लेंगी. ममता ने आरोप लगाया कि बंगाल को जानबूझकर बदनाम किया जा रहा है और केंद्रीय एजेंसियां बीजेपी के इशारे पर काम कर रही हैं.

रेड कार्पेट बनाम ब्लैक कार्पेट का आरोप

ममता बनर्जी ने कहा कि जब केंद्रीय गृह मंत्री पश्चिम बंगाल आते हैं तो राज्य सरकार उनका रेड कार्पेट से स्वागत करती है,

लेकिन जब बंगाल के लोग या जनप्रतिनिधि दिल्ली आते हैं तो उनके साथ 'ब्लैक कार्पेटह्व जैसा व्यवहार किया जाता है. उन्होंने इसे अपमानजनक और पक्षपातपूर्ण बताया।

## योगी सरकार का लक्ष्य: मार्च तक 62% होगा सीडी रेशियो

### बैंकिंग व्यवसाय 32.79 लाख करोड़ के पार



**यूपी**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक प्रदेश में कुल क्रेडिट डिपॉजिट (सीडी रेशियो) 62 प्रतिशत से अधिक करने का लक्ष्य रखा है. रविवार को राज्य स्तरीय बैंकर्स कमेटी (एसएलबीसी) की विशेष बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने सभी बैंक प्रतिनिधियों से उनके सीडी रेशियो के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए सीडी रेशियो बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास करने पर बल दिया.

बैठक में बताया गया कि दिसंबर 2025 तक उत्तर प्रदेश का कुल सीडी रेशियो 60.39 प्रतिशत हो गया है, जो पिछले लगभग दस वर्षों का सर्वाधिक स्तर है. जनपद-वार समीक्षा के अनुसार 40 प्रतिशत से कम सीडी रेशियो वाले जनपद घटकर केवल पाँच रह गए हैं, जबकि 40-50, 50-60 और 60-80 प्रतिशत की श्रेणी वाले जनपदों की संख्या में भी निरंतर सुधार हुआ है. मार्च 2018 में 40 प्रतिशत से कम सीडी रेशियो वाले 20 जनपद थे, जो अब घटकर 5 हो गए हैं. मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि मार्च 2026 तक सभी जनपदों के सीडी रेशियो में लक्षित सुधार सुनिश्चित किया जाए.

महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) की सफलता के बाद अब राज्य सरकार एक जिला-एक व्यंजन (ओडीओसी) के माध्यम से छोटे व्यापारियों, पारंपरिक पाक कला से जुड़े कारीगरों और गिग वर्कर्स को नई पहचान देने जा रही है. उन्होंने बैंकों से आह्वान किया कि जैसे ओडीओपी को वित्तीय सहयोग मिला, वैसे ही ओडीओसी को भी प्राथमिकता देते हुए अधिक से अधिक लोगों को ऋण उपलब्ध कराया जाए. मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रशिक्षण, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग में पूरा सहयोग दे रही है, और इस मिशन को गति देने में बैंकों की भूमिका निर्णायक होगी.

बैंकिंग प्रक्रिया में सहूलियत और समयबद्ध ऋण वितरण

राज्य स्तरीय बैंकर्स कमेटी (एसएलबीसी) की विशेष बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का उदाहरण दिया और कहा कि इन योजनाओं की सफलता के केंद्र में बैंकों की सहयोगी भावना है.

उन्होंने साफ कहा कि अनावश्यक दस्तावेजों की मांग, बार-बार वेरिफिकेशन और प्रक्रिया में देरी जैसी स्थितियां लाभार्थियों को हतोत्साहित करती हैं. मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बैंकिंग प्रक्रिया ऐसी होनी चाहिए जिससे आम नागरिक को वास्तविक सहूलियत मिले और पात्र लाभार्थी बिना किसी दिक्कत के योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें.

एमएसएमई, स्टार्टअप और महिला-युवा उद्यमियों को ऋण सुविधा

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज आर्थिक गतिविधियों, औद्योगिक निवेश, उद्यमिता, कृषि और महिला-युवा स्वावलंबन के क्षेत्रों में तेज गति से आगे बढ़ रहा है. इस प्रगति में बैंकिंग तंत्र की सक्रिय साझेदारी अनिवार्य है।

## 'मेरा एडमिशन करा दीजिए...',

### जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ से बोली छोटी बच्ची



**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** की राजधानी लखनऊ में सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दर्शन में बेहद भावुक दृश्य सामने आया. जनता दर्शन में एक छोटी सी बच्ची अनाबी अली अपनी मां फराह मुशर्रफ के साथ पहुंची. बच्ची ने सीएम योगी से शहर के लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल में एडमिशन के लिए गुहार लगाई. सीएम ने बच्ची से पूछताछ की और फिर उससे एक कविता भी सुनी, जिसके बाद वे काफी खुश नजर आए. उन्होंने तुरंत ही अधिकारियों को बच्ची के एडमिशन के निर्देश दिए. सीएम योगी और बच्ची अनाबी अली की बातचीत का वीडियो अब वायरल है. जनता दर्शन में मुख्यमंत्री का ये रूप सबको पसंद आ रहा है, मुख्यमंत्री इससे पहले भी परिवार के साथ आने वाले बच्चों से अक्सर बातचीत और दुलारते नजर आते हैं.

बता दें कि जनता दर्शन में सीएम योगी जनता की समस्याओं को सुनते और उन्हें तत्काल समाधान के लिए निर्देश देते हैं. सोमवार सुबह बड़ी संख्या में लोग अपनी-अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे. बच्ची को देखकर मुख्यमंत्री ने उसका नाम और काम पूछा, जिस पर बच्ची ने लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल में एडमिशन के लिए कहा।

# नैनी पुलिस ने 24 घंटे के अन्दर मोबाइल चोरों के गैंग को पकड़ा

## 96 एंड्रॉयड फोन बरामद कीमत करीब 50 लाख, 7 अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मोबाइल फोन चोरी करने वाले बड़े गैंग का 24 घंटे के अन्दर पदार्फाश किया है। इस गैंग में पुलिस ने 7 अभियुक्तों को चकबबूरा अलीमाबाद तालाब के पास से गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 96 विभिन्न कम्पनियों के एंड्रॉयड मोबाइल फोन कीमत करीब 50 लाख बरामद किया है। सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण। राहुल प्रसाद उर्फ कृष्णा पुत्र स्व राम विलास प्रसाद निवासी गांधी मैदान थाना गोविन्दनगर हनुमान मन्दिर जिला राजेन्द्र नगर बिहार, श्रवण कुमार पुत्र अनन्त प्रसाद महतो निवासी ग्राम बाबूपुर थाना तीन पहाड़ जिला साहेबगंज झझारखंड, राम जन्म कुमार पुत्र विजय महतो निवासी ग्राम महाराजपुर नयाटोला थाना तिलझारी साहेबगंज झारखंड, छोटू रवानी पुत्र भानू रवानी निवासी धनबाद झारखंड, राजू रवानी पुत्र सुखदेव रवानी निवासी ग्राम तेलीपाडा शिवमंदिर धनबाद, बंटी भुइया पुत्र शंभू भुडया निवासी गांव काली पहाडी थाना आसनसोल बर्धमान पश्चिम बंगाल, सोनू पासवान पुत्र जनार्दन पासवान निवासी ग्राम सकरी गली थाना तेलिझारी साहेबरगंज झारखंड शामिल है। मामले में थाना नैनी में 1 फरवरी को मुकदमा दर्ज कराया गया था अनिल केसरवानी पुत्र जगजाही केसरवानी निवासी नारी बारी शंकरगढ़ और उनके साथी विनोद कुमार, नीलम रीयलमी, विद्या भूषण- रीयल मी, थर्मेन्द्र त्रिपाठी ओपो, अरविन्द त्रिपाठी का मोबाइल फोन चोरी कर लेने के मामले में थाना नैनी पर 1 फरवरी को मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसके बाद नैनी इंस्पेक्टर ब्रजकिशोर गौतम ने टीमों का गठन कर अभियुक्तो को थाना क्षेत्र नैनी से गिरपफ्तार कर लिया। माघ मेला क्षेत्र में गंगा के तट पर संगम व अरैल क्षेत्र में स्नान करने जाने वालों का मोबाइल को चोरी कर लेते थे। हम सभी लोग एक साथ गैंग बनाकर चोरी करते है। नैनी इंस्पेक्टर ब्रजकिशोर गौतम ने बताया कि मोबाइल चोरी करने वाले गैंग को पकड़ने के लिए एक टीम गठित की गई थी। जिसके बाद 24 घंटे के अंदर इन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया और उनके पास से 96 एंड्राइड मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।




# निलंबन के खिलाफ कोर्ट जाने के संकेत, नोटिस का अध्ययन कर रही लीगल टीम : अलंकार अग्निहोत्री

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** यूजीसी के नए नियमों और मौनी अमावस्या पर माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के कथित अपमान के विरोध में इस्तीफा देने वाले बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने अपने निलंबन के खिलाफ न्यायालय जाने के संकेत दिए हैं। सोमवार को प्रयागराज पहुंचे अलंकार अग्निहोत्री ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के कुछ अधिवक्ताओं से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि निलंबन को लेकर जारी नोटिस का उनकी लीगल टीम गहन अध्ययन कर रही है। इसके बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी।

उन्होंने साफ किया कि इस्तीफा वापस लेने की कोई संभावना नहीं है। रविवार को वाराणसी में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से मुलाकात के बाद सोमवार को प्रयागराज पहुंचे अलंकार अग्निहोत्री ने केंद्र सरकार पर एससी-एसटी कानून को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह कानून सामान्य वर्ग के लिए पूरी तरह से काला कानून बन चुका है।

अलंकार अग्निहोत्री ने एससी-एसटी एक्ट को समाप्त करने की मांग करते हुए केंद्र सरकार से छह फरवरी तक विशेष सत्र बुलाने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तय तिथि तक विशेष सत्र नहीं बुलाया गया तो सात फरवरी को वह दिल्ली कूच करेंगे। उनके समर्थन में देशभर से विभिन्न संगठनों के लोग भी दिल्ली पहुंचकर एससी-एसटी कानून के विरोध में प्रदर्शन करेंगे।

पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट ने फिलहाल किसी भी राजनीतिक दल से जुड़ने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि उनका आंदोलन किसी राजनीतिक मंच से नहीं, बल्कि सामाजिक मुद्दों को लेकर है।

# उत्तर प्रदेश का गौरव बने प्रयागराज के डॉ. दीपक कुमार त्रिपाठी

### राष्ट्रीय सफलता से अंतरराष्ट्रीय मंच तक – पैरा डाट्र्स चैंपियनशिप मलेशिया के लिए चयन

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं खेल प्रतिभा और मानवीय संकल्प के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के लिए यह अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि प्रयागराज स्थित नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय जमुनीपुर के विशेष शिक्षा विभाग में कार्यरत सहायक आचार्य डॉ. दीपक कुमार त्रिपाठी ने पैरा डाट्र्स के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित की है। इंडियन डिसएबिलिटी डाट्र्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय पैरा डाट्र्स चैंपियनशिप 2026 जो दिनांक 31 जनवरी एवं 1 फरवरी 2026 को कानपुर (उत्तर प्रदेश) में संपन्न हुई। डॉ. दीपक कुमार त्रिपाठी ने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट एवं प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर से 120 से अधिक दिव्यांग खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया जहाँ डॉ. त्रिपाठी ने अपने कौशल, एकाग्रता और अनुशासन से सभी का ध्यान आकर्षित किया। उनके इसी शानदार प्रदर्शन के परिणामस्वरूप वर्ल्ड डिसेबिलिटी डाट्र्स एसोसिएशन, स्कॉटलैंड द्वारा आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय पैरा डाट्र्स चैंपियनशिप (मलेशिया) के लिए उनका चयन किया गया है। इस प्रकार डॉ. दीपक कुमार त्रिपाठी अब वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो न केवल प्रयागराज और उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का क्षण है। इंडियन डिसएबिलिटी डाट्र्स एसोसिएशन के महासचिव महेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. त्रिपाठी का चयन उनकी निरंतर साधना, अनुकरणीय अनुशासन और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन का प्रतिफल है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. त्रिपाठी अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपने प्रदर्शन से राष्ट्र का नाम गौरवान्वित करेंगे। डॉ. दीपक कुमार त्रिपाठी केवल एक सफल खिलाड़ी ही नहीं बल्कि दिव्यांगजनों के मार्गदर्शक, प्रेरक और सशक्तिकरण के संवाहक भी हैं। वे सदैव इस संकल्प के साथ कार्यरत हैं कि सभी दिव्यांगजन शैक्षिक एवं खेल दोनों ही क्षेत्रों में समान अवसर प्राप्त कर विश्व मंच पर आगे बढ़ें। उनका प्रयास केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों तक सीमित न होकर, दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाने की दिशा में निरंतर समर्पित है। शैक्षणिक जगत में विशेष शिक्षा के क्षेत्र में उनकी सक्रिय भूमिका और खेल के मैदान में यह उपलब्धि डॉ. त्रिपाठी की बहुआयामी प्रतिभा, दृढ़ इच्छाशक्ति और मानवीय संवेदना को सशक्त रूप से रेखांकित करती है। उनकी यह सफलता विश्वविद्यालय परिवार प्रयागराज जनपद एवं समस्त उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का विषय होने के साथ-साथ उन असंख्य दिव्यांगजनों के लिए आशा, साहस और प्रेरणा का संदेश है। विश्वास है कि डॉ. दीपक कुमार त्रिपाठी का यह अंतरराष्ट्रीय पदार्पण दिव्यांग सशक्तिकरण की दिशा में एक नई राह प्रशस्त करेगा और आने वाली पीढ़ियों को शिक्षा, खेल और राष्ट्रसेवा के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा।

# संत रविदास जयंती पर प्रज्ञा हॉस्पिटल में मरीजों में फल व कंबल वितरण,समरस समाज का दिया संदेश

**शंकरगढ़।** संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर पर शंकरगढ़ स्थित प्रज्ञा हॉस्पिटल में सेवा और समरसता का अनुपम उदाहरण देखने को मिला। हॉस्पिटल के डायरेक्टर की माता कुसुम सिंह ने अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच फल एवं कंबल का वितरण कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।इस अवसर पर कुसुम सिंह ने कहा कि संत रविदास जी ने समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव, शोषण और जन्म आधारित श्रेष्ठता को सिरे से नकारा। उनकी शिक्षाएं मानवता, सेवा और सामाजिक समरसता का मार्ग दिखाती हैं। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी के विचारों को आत्मसात कर मानव सेवा के उद्देश्य से कार्य करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस दौरान संत रविदास जी के जीवन, संघर्ष और शिक्षाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए समाज में भाईचारे और समानता का संदेश दिया गया।



कार्यक्रम में प्रज्ञा हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर प्रभाकर सिंह ने कहा कि संत रविदास एक महान समाज सुधारक थे, जिन्होंने अंधविश्वास, जातिवाद और पाखंड के विरुद्ध आवाज बुलंद की। उन्होंने स्पष्ट किया कि संत रविदास का मानना था कि व्यक्ति का सम्मान उसके कर्म से होना चाहिए, न कि जन्म से। जातिवाद को उन्होंने समाज के लिए एक गंभीर रोग बताया, जो मनुष्य को मनुष्य नहीं रहने देता और ऊंच-नीच में बांट देता है।वहीं कार्यक्रम में उपस्थित उग्रसेन द्विवेदी ने कहा कि एक आदर्श एवं समतामूलक समाज का निर्माण तभी संभव है, जब महापुरुषों के विचारों को व्यवहार में उतारा जाए।इस अवसर पर सभासद आर के सिंह,वीरेंद्र प्रजापति, दिवाकर, प्रमोद, शमशाद, रेखा सिंह, प्रियांशु सिंह, संगीता पाल, सुलेखा सिंह सहित प्रज्ञा हॉस्पिटल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# मांडा में बाइक सवार युवक की मौत, हादसे के तीसरे दिन गंगा घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

अखंड भारत संदेश

**मांडा।** थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में 15 वर्षीय अभिषेक पांडेय की मौत हो गई। शनिवार को मांडा खास-हाटा मुख्यमार्ग पर बाबू फतेह बहादुर सिंह इंटर कॉलेज बोधीपुर के सामने एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी।

अभिषेक अपने चचेरे भाई अंकित पांडेय (16) के साथ बाइक पर सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत मांडा सीएचसी ले जाया गया, जहां से नाजुक हालत में शहर के एक अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

इलाज के दौरान शनिवार रात करीब तीन बजे अभिषेक पांडेय ने दम तोड़ दिया। मांडा पुलिस को घटना की सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अभिषेक गिरधरपुर निवासी विनय कुमार पांडेय के बेटे थे।



पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने और अन्य औपचारिकताओं के कारण शव परिजनों को देर से मिला। सोमवार सुबह लगभग दस बजे महेवा नहवाई गंगा घाट पर अभिषेक पांडेय का अन्तिम दाहसंस्कार किया गया पिता विनय पांडेय ने नम आंखों से बेटे को मुखाग्नि दी।

परिजनों ने बताया कि सड़क हादसे में घायल अंकित पांडेय की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई हैं ' अंकित, अभिषेक के चचेरे छोटे भाई प्रमोद कुमार पाण्डेय के बेटे हैं।

# रेलवे इंजीनियर बीएन त्रिपाठी सेवानिवृत, दी गई भव्य विदाई

### सेवानिवृत्त हुए भोलानाथ त्रिपाठी को रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने माल्यार्पण करते हुए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** चनेथू गांव के मूल निवासी भोलानाथ त्रिपाठी पुत्र पंडित परशुराम त्रिपाठी 31 जनवरी को सहायक सिग्नल एवं दूर संचार अभियंता के पद से सिग्नल कारखाना उत्तर रेलवे गाजियाबाद से सेवानिवृत हो गए। देशभर में विभिन्न स्थानों पर वर्षों की निःस्वार्थ सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हुए भोलानाथ त्रिपाठी को रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने माल्यार्पण करते हुए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर भावभीनी भव्य विदाई दी गई और उनके अमूल्य योगदान को याद करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर मुख्य कारखाना प्रबंधक यशवंत सिंह, स्टाफ सूरज सिंह, नरेंद्र नागर, रवींद्र सिंह, राम मोहन शुक्ल, विजय सिंह एवं संजीव कुमार, परिजनों में पूनम त्रिपाठी, अभिषेक त्रिपाठी, प्रीति त्रिपाठी, विवान त्रिपाठी मौजूद रहे। सैकड़ों विभागीय कर्मचारियों ने विदाई समारोह का आयोजन किया एवं इंजीनियर भोलानाथ त्रिपाठी को उनके अच्छे कार्यकाल, मार्गदर्शन, व्यक्तित्व की सराहना करते हुए भविष्य के जीवन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित किया और रेलवे विभाग को दी अतुलनीय सेवा हेतु आभार व्यक्त किया गया।



# हिमांशु सिंह स्मारक कबड्डी लीग का भव्य समापन, ए.के. एकेडमी फतुहवां बनी विजेता

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** छत्रपति शिवाजी पीजी कॉलेज सहसों के परिसर में आयोजित हिमांशु सिंह स्मारक सहसों प्रयागराज कबड्डी लीग का दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और रोमांच के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ 1 फरवरी रविवार को हुआ, जबकि 2 फरवरी सोमवार को फाइनल मुकाबले के साथ इसका समापन किया गया।

इस कबड्डी लीग में प्रयागराज मंडल के चार जनपदों से कुल आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दौरान सभी टीमों ने शानदार खेल भावना का परिचय देते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। फाइनल मुकाबला ए.के. एकेडमी फतुहवां और ज्वाला देवी इंटर कॉलेज, सिविल लाइन प्रयागराज के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में ए.के. एकेडमी फतुहवां की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ज्वाला देवी इंटर कॉलेज को पराजित किया और विजेता का खिताब अपने नाम किया।




प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष गंगापार निर्मला पासवान ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाते हुए उन्होंने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में खेल प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ अनुशासन और आत्म भावना को भी मजबूत करते हैं। इस अवसर पर तीरथ राज सिंह प्रबंधक, शिवाजी इंटरमीडिएट कॉलेज, अनिरुद्ध सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार, ब्लॉक प्रमुख शशांक मिश्रा, संदीप द्विवेदी, शशांक सिंह, भूपेंद्र मिश्रा, अनुराग सिंह अन्नू, विमलेश पटेल, आत्मा धर दुबे, राकेश सिंह, पवन कुमार शुक्ला, पुष्कर पटेल सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी दर्शक मौजूद रहे।



# लालापुर थाना क्षेत्र में सीबीसीआईडी से रिटायर्ड दरोगा की हत्या, सिर पर भारी चीज से किया गया था हमला

अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** क्षेत्र के मदुरी गाँव में अपने मकान में रह रहें राम रतन मिश्रा उम्र 77 साल जिनकी हत्या सुबह हुई।घटना जिस तरह हुआ है लगता है एक से अधिक लोग हत्या करने में सामिल थे घटना जिस तरह हुई है सभी के दिलों को झकझोर दिया है मृतक के दो पुत्र है जो मुंबई में प्राइवेट जॉब करते है मृतक के बहु और बच्चे सभी पुराने मकान गाँव में रहते है रोज की तरह ननतनी नाती आते थे। हत्या के दिन सुबह 9 बजे लगभग यासी आई उसके बाद खुशी आई फिर नाती प्रवीण आया सुबह 9 :30 पर दरवाजे से बच्चे आवाज देने लगे बाबा दरवाजा खोलो बाबा दरवाजा खोलो लेकिन काफी देर तक जब दरवाजा नहीं खुला तो नाती प्रवीण पीछे के दरवाजे से आने लगा तो देखा सारे दरवाजे खुले थे और जब अंदर गया तो देखा की बाबा खून से लटपत थे। देख के चिल्लाया फिर सामने का दरवाजा तोड़े फिर घर वालों को सुचना दिए फिर 112 को सुचना दिए।

मौके पर 112 मौजूद पहुंची लालापुर थाना फोर्स भी मौके पर पहुंच गए कुछ देर बाद ऐसीपी बारा निकिता श्रीवास्तव घटना अस्थल पर आई भोरेन्सिक तीन, दाग इसकाउट टीम, यसोजी यमुनापार के टीम घटना पर आ गई कई घंटो तक सभी विभाग जांच की घर के सभी समान भीखते हुए थे सिसिटीवी कैमरे को पीछे की ओर लगा हुआ था उसे तोड़ दिया गया था और कैमरे के वायर को कैची से काट दिए थे और डिवीर को खोल के पीछे के लकड़ी के कबाड़ में छुपा दिए मृतक का घर चारों तरह कैमरे से लैस था हत्या की गूथथी डिवीर के देखने के बाद और पुलिस के साथ सभी टीमों की जांच से बता चलेगा।







## डिवीर चला कर दिखाने को लेकर परिजन अड़े

### आठ घण्टे के बाद डिवीर को चालू कर के दिखाने के बाद पुलिस लेगाई बॉडी

**लालापुर।** क्षेत्र में रिटायर्ड दरोगा के मौत की गूथथी सिसिटीवी कैमरे थी लेकिन तब तक नहीं बता जब तक डिवीर नहीं मिला पुलिस को जब देखी की कैमरा लगा हुआ है तो डिवीर कहाँ गया लालापुर पुलिस की टीम डिवीर को खोजने लगी काफी देर खोजबीन के बाद बता चला की डिवीर मकान के पीछे लड़के का कवाड़ था उसी में हत्यारे छुपा दिए लेकिन हत्यारे को ये नहीं मूलम था की पुलिस ढूढ़ लेगी। हला की जब डिवीर पुलिस के हाथ लगी तो पुलिस के लिए हत्यारों को पकड़े के लिए कुछ न कुछ सबूत डिवीर में होंगी जब पुलिस डिवीर को अपने कब्जे में ले ली तो परिजनों को मालूम हुआ की पुलिस को डिवीर मिल गई है पुलिस ले गई तो परिजनों नें आरोप लगाए की आप डिवीर बिना परिजनों को दिखाए और बताए क्यूँ लेगये डिवीर को लेकर कई घंटो तक मृतक के नाती ननतनी परिवार के लोग ये मांग करने लगे की लाश नहीं ले जाने देंगे जब तक डिवीर लाया न जाए और उसे चालू कर के हम सभी को दिखाया न जाए डिवीर को लेकर पुलिस को शाम छा बजे तक इतजार करना पड़ा पहले पुलिस चाहती थी डिवीर थाने में पुलिस प्रशासन लोग के देखे लेकिन परिजनों नें कहाँ की हम लोग भी देखना चाहते है की हमारे मृतक परिजन के साथ क्या हुआ जो इस कैमरे के डिवीर में है इसी को लेकर कई घण्टे पुलिस को भी इंतजार करना क्यूँ की मृतक की बेटी और बच्चे नें कहाँ की हमारे घर में लगे कैमरे को जिसने लगाया था उसी को बुला रहा हु कैमरा लगने वाले को लगभग दो घण्टे लगे तब तक शाम हो गई दिन डूब चूका था उसी बीच एसपी डीसीपी यमुनानगर विवेक चद्र यादव भी पहुंच गए। उसके बाद डिवीर लगाने वाला आया और डिवीर को पांच लोग परिवार के और पुलिस टीम के साथ देखा गया।

अब देखना है की इस डिवीर में पुलिस को आएसा क्या मिलता है की पुलिस हत्यारे तक पहुंच जाएगी।

## क्षेत्र में हत्या को लेकर भय

लालापुर क्षेत्र के मदुरी गाँव में जिस तरह हत्या हुई उसको लेकर क्षेत्र में कई तरह की बाते हो रही है कोई कह रहा है की इतने कैमरे लगे होने के बाद भी हत्या हो गई। परिजनों नें पुलिस के गस्त को लेकर लगाए आरोप कहाँ की कहाँ सो रही लालापुर पुलिस सुबह सात बजे गई हत्या और पुलिस सोती रही परिजनों और क्षेत्र नें पुलिस पर लगाए आरोप। मृतक के घर में इसके कई वर्ष पहले घर पर चोरी करने के नियत से आए थे चोर उसके बाद सिसिटीबी कैमरा लगवाएं। जिसमें घर के चारों तरफ पांच कैमरे लगे हुए थे।

## परिजनों को डहस देती रही ऐसीपी बारा निकिता श्रीवास्तव



**लालापुर।** क्षेत्र के मदुरी गाँव में जब घटना के बारे ऐसीपी बारा निकिता श्रीवास्तव को मालूम हुआ तो तत्काल घटना अस्थल पर पहुंच गई उसके बाद से क्राइम सीन से लेकर परिजनों को सभालने में लग गई जब तक तक लाश मर्चेरी के लिए भेज दिया नहीं गया था। निकिता श्रीवास्तव परिजनों को ढाहस देती रही और क्राइम सीन को भी बखूबी से कार्य करती रही परिजनों की रोने की आवाज में हत्यारे को छोड़ियेगा नहीं कहती रही उधर ऐसीप बारा निकिता श्रीवास्तव नें कहाँ कोई भी होगा पुलिस से बच नहीं जा पायेगा और हम हत्यारे को छोड़ेगे भी नहीं क्यूँ की पुलिस का फर्ज होता है हत्यारे को सजा दिलाना अगर जो भी होगा हत्यारे उसे सजा जरूर मिलेगी चाहे जो कोई भी हो।

## हत्या और लूट,बहु नें दी अप्लीकेशन कारवाही की मांग

### परिजनों का रो रो कर बुरा हाल, 24 घण्टे में हत्यारे को गिरफ्तार किया जाए



**लालापुर।** क्षेत्र के मदुरी गाँव में रिटायर्ड दरोगा राम रतन मिश्र की बहूँ नें अप्लीकेशन देकर कारवाही की मांग की प्राथनीय के परजनों को भारड़ पोषड के लिए पचास लाख दिया जाए, और दो शास्त्र लाइसेंस, आवास हेतू जमीनी पट्टा दिया जाए,दो सरकारी नौकरी,24 घण्टे के अंदर हत्यारे की गिरफ्तारी इन सभी को लेकर नीलम मिश्रा मृतक की बहु नें अप्लीकेशन के माध्यम से मांग की।

लालापुर क्षेत्र के मदुरी गाँव में राम रतन मिश्र की हत्या सोमवार के सुबह हुई तब मालूम हुआ जब बच्चे रोज की तरह मदुरी गाँव के रोड पर बने घर पर आए उसके बाद खून से लटपत देख परिजनों में खोहराम मच गया। देर शाम तक पुलिस की कारवाही चलती रही डिवीर के बाद पुलिस की कारवाही सुरु हुई कैमरे में देख ऐसोजी की टीम और पुलिस नें पूछताछ के लिए एक को गिरफ्तार कर लिए है

# नैनी जेल में तैनात बंदीरक्षक ने फांसी लगाकर दी जान



पृथ्वीराज चौहान, मृतक

**नैनी।** नैनी सेंट्रल जेल में तैनात एक बंदीरक्षक का शव रविवार रात उसके किराए के कमरे में फंदे से लटकता मिला। ड्यूटी पर समय से न पहुंचने पर जब जेल प्रशासन ने संपर्क किया और कोई जवाब नहीं मिला, तो जेल का एक सिपाही उसे बुलाने उसके कमरे पर पहुंचा। दरवाजा खुलवाने पर अंदर बंदी रक्षक का शव फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान पृथ्वीराज चौहान (28) पुत्र प्रभु चौहान, निवासी मोहम्मदाबाद, जनपद मऊ के रूप में हुई है। वह वर्ष 2021 से नैनी सेंट्रल जेल में बंदीरक्षक के पद पर तैनात था और नैनी थाना क्षेत्र के चकदोंदी मोहल्ले में किराए के कमरे में रहता था।

रविवार रात उसकी जेल में ड्यूटी थी, लेकिन समय से न पहुंचने पर रात करीब 9 बजे जेल प्रशासन ने फोन किया। फोन रिसीव न होने पर सिपाही को उसके कमरे पर भेजा गया, जहां यह दर्दनाक दृश्य सामने आया। सूचना मिलने पर जेल के वरिष्ठ अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। बताया गया है कि कुछ माह पहले ही पृथ्वीराज की सगाई हुई थी और अगले महीने उसकी शादी होने वाली थी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन प्रयागराज पहुंच गए। इस घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# केंद्रीय बजट को लेकर मेजा के दिग्गज समाजसेवियों ने व्यक्त की अपनी प्रतिक्रिया

**कहा** - यह बजट देश की आर्थिक सुदृढ़ता, समावेशी विकास और समाज के प्रत्येक वर्ग तक अवसर पहुंचने की स्पष्ट रूप रेखा जहां प्रस्तुत करता है वहीं आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को गति देने वाला तथा राष्ट्र निर्माण में एक सशक्त और दूरदर्शी कदम है।



पंडित रामकृष्ण त्रिपाठी



समाजसेवी चंदन तिवारी



समाजसेवी अशोक तिवारी

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** भारत सरकार की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए आम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कुशलपुर मांडा के वरिष्ठ समाजसेवी पंडित रामकृष्ण त्रिपाठी ने देश के यशश्वी पीएम मोदी और वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताते हुए सराहना किया है। उन्होंने कहा कि यह बजट देश के युवा शक्ति को समर्पित बजट है। श्री त्रिपाठी ने आगे कहा कि सेमी कंडक्टर क्रांति, एवीजीसी सेक्टर, नए इकोनॉमिक जोन, गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण , निजी विश्वविद्यालयो को मदद, क्रिएटिव टेक्नोलोजी, स्टार्टअप व्यापार सहित कई योजनाओं के कारण यह बजट देश के युवा शक्ति को समर्पित है। उनका मानना है कि केंद्रीय बजट में उत्तर प्रदेश के लिए बड़ी घोषणाएं हुई है। इन घोषणाओं के चलते केंद्रीय करों में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी बढ़ेगी। इसी क्रम में समाजसेवी चंदन तिवारी ने केंद्रीय बजट को देश के विकसित भारत बनाने का बजट बताया और कहा कि दिल्ली वाराणसी और मुंबई वाराणसी हाई स्पीड कॉरिडोर के लिए मंजूर बजट से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नया एआईआईएमएस खुलेगा। उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में आगे कहा कि बुंदेलखंड के युवाओं को आईआईटी की सौगात मिली है। प्रयागराज में नए औद्योगिक नोड के लिए विशेष फंड जेवर एयरपोर्ट के पास देश के पहले सेमीकंडक्टर डिजाइन और विनिर्माण पार्क को हरी झंडी लखनऊ में एआई सिटी विकसित करने के लिए बजटीय सहायता वाराणसी में एकीकृत लॉजिस्टिक हब का निर्माण होगा। समाजसेवी अशोक तिवारी ने पेश किए गए आम बजट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया में पीएम मोदी और भारत सरकार की वित्तमंत्री की बेहद प्रशंसा किया है और इस बजट को माध्यम वर्ग के लोगों के राहत पहुंचाने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे के विस्तार और औद्योगिक गलियारों के लिए ?22,500 करोड़ का अतिरिक्त ऋण,हापुड़ और सहारनपुर में एग्री-एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन की स्थापना, लखनऊ, कानपुर और आगरा मेट्रो के अगले चरणों के लिए ?32,075 करोड़ का

आवंटन हुआ है जिसको लेकर उन्होंने देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का विशेष आभार प्रकट किया और कहा कि प्रयागराज में औद्योगिक नोड के लिए विशेष पैकेज देने के लिए समस्त प्रयागराज वासियों की तरफ से अभिनंदन है। उन्होंने कहा कि यह बजट से भारत के युवाओ के लिए रोजगार के नए अवसर का द्वार खोलने वाला बजट है।

# प्रयागराज में शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख, कोई हताहत नहीं



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अतरसुइया के दरियाबाद पीपल चौराहा के पास सोमवार दोपहर एक रिहायशी मकान में आग लग गई। आग की चपेट में घर का रजाई, गद्दा, फ्रिज, वाशिंग मशीन सहित लाखों का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया और घरवाले सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए।

घटना की जानकारी फायर स्टेशन सिविल लाइंस के कंट्रोल रूम को दोपहर लगभग 2:42 बजे मिली। मौके पर तत्काल फायर सर्विस की टीम पहुंची। आग मकान के पहले तल पर लगी थी और तेजी से फैल रही थी। एफएसओ राजेश कुमार चौरसिया के निर्देशन में टीम ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया।

प्रारंभिक जांच में पता चला कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। एफएसओ राजेश कुमार चौरसिया ने लोगों से अपील की कि वे घरों में बिजली के तारों और उपकरणों की नियमित जांच करें ताकि ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

स्थानीय लोगों ने भी राहत जताई कि समय पर आग बुझाने के कारण आसपास के मकानों को कोई नुकसान नहीं हुआ।

## धोखाधड़ी से नियुक्त शिक्षकों की जांच कर छह महीने में हटाएं, इलाहाबाद हाई कोर्ट का महत्वपूर्ण आदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में प्रमुख सचिव (बेसिक शिक्षा) को ऐसे सभी शिक्षकों की जांच कर उन्हें छह महीने में हटाने का निर्देश दिया है जिन्होंने धोखाधड़ी कर नौकरी हासिल की है। कोर्ट ने कहा है कि विस्तृत जांच कर कानून के अनुसार सभी को हटाया जाए। साथ ही इसमें संलिप्त मिले अधिकारियों के खिलाफ भी कड़ी अनुशासनात्मक और दंडात्मक कार्यवाही की जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान ने देवरिया की सहायक अध्यापिका गरिमा सिंह की याचिका खारिज करते हुए दिया है। फजीर्वाड़ा मिलने पर याची की नियुक्ति अगस्त 2025 में रद कर दी गई थी। कोर्ट ने कहा, कानून का शासन बनाए रखने, बड़े सार्वजनिक हित की रक्षा और यह सुनिश्चित करने के लिए कि बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा से समझौता न हो, अदालत के पास सहायक शिक्षकों की नियुक्तियों की व्यापक और समयबद्ध जांच करने के लिए प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा को निर्देश देने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। न्यायमूर्ति ने टिप्पणी की, इस अदालत ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत अपनी असाधारण शक्तियों का प्रयोग करते हुए बार-बार एक परेशान करने वाला पैटर्न देखा है। इसमें बड़ी संख्या में सहायक शिक्षकों ने जाली और फर्जी प्रमाण पत्र, नकली दस्तावेजों अथवा जानबूझकर महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपा कर नियुक्ति प्राप्त की है। ऐसे व्यक्ति वर्षों तक सेवा में बने रहते हैं, संस्थान प्रबंधन के साथ खुले तौर पर मिलीभगत और कई मामलों में संबंधित बेसिक शिक्षा अधिकारी की सक्रिय मिलीभगत अथवा मौन अनुमोदन के साथ। मुकदमे से जुड़े संक्षिप्त तथ्यों के अनुसार 27 जुलाई 2010 को याची सहायक शिक्षक नियुक्त की गई थी। उच्चतर प्राथमिक विद्यालय, बदीर्हा दलपत, विकास खंड- सलेमपुर, जिला- देवरिया में कार्यभार ग्रहण किया था। बीएसए ने छह अगस्त 2025 को पारित आदेश में उसकी नियुक्ति रद कर दी। इसे हाई कोर्ट में चुनौती दी गई। याची की तरफ से कहा गया कि सारे दस्तावेजों की जांच की गई थी। लगभग 15 वर्षों की सेवा हो चुकी है।प्रतिवादी बीएसए की ओर से कहा गया कि नियुक्ति के समय प्रस्तुत सभी दस्तावेज जाली मिले हैं। याची को दो जुलाई 2025 को उचित नोटिस दिया गया था, जिसका कोई जवाब नहीं मिला न ही ऐसा दस्तावेज प्रस्तुत किया है जिससे यह साबित हो कि नियुक्ति के समय प्रस्तुत शैक्षिक प्रमाण पत्र, डोमिसाइल सर्टिफिकेट और अन्य संबंधित दस्तावेज वास्तविक हैं।

## धूमनगंज में प्रतियोगी छात्रा ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**प्रयागराज।** धूमनगंज इलाके के चक मीरपट्टी की 24 वर्षीय प्रतियोगी छात्रा नीलम गौतम ने रविवार देर शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने उसे तुरंत सवा नौ बजे रात को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन सोमवार दोपहर तक उसकी सांसें थम गईं। नीलम के पिता सुरेश गौतम मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उनके दो बेटे और दो बेटियां हैं। नीलम प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। घटना की जानकारी होते ही परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां रात भर उपचार चलता रहा, लेकिन अंततः डॉक्टर उसे बचा नहीं सके।

घटना से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजन सदमे में हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भारत-नेपाल की साहित्यिक और सांस्कृतिक परंपराएं सदैव समान रहीं : महापौर

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** शहर के हिन्दुस्तानी एके-डमी में रविवार को राष्ट्रीय कवि संगम (भारत) और नेपाल की संस्था गुगुड्डी वाङ्मय के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय काव्य महोत्सव एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिल सिंह भदोरिया रहे। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

मुख्य अतिथि महापौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत और नेपाल की साहित्यिक व सांस्कृतिक परंपराएं प्राचीन काल से एक-दूसरे से जुड़ी रही हैं। ऐसे आयोजनों से विश्व बंधुत्व को मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में साहित्य तीर्थ की स्थापना होना साहित्य जगत के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम के संयोजक अमित शर्मा आनंद को बधाई दी।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र का संचालन डॉ. शंभूनाथ त्रिपाठी ह्यअंशुलह्ण ने किया। अतिथियों एवं रचनाकारों का स्वागत राष्ट्रीय कवि संगम प्रयागराज के जिला अध्यक्ष डॉ. संतोष शुक्ल ह्यसमर्थह्ण ने किया, जबकि आभार ज्ञापन प्रांतीय संरक्षक प्रतिमा मिश्रा ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन युवा कवि एवं जिला मंत्री सुधांशु शुक्ला ने किया। काव्य महोत्सव में नेपाल से आए खिमानंद बडू, केशव भट्ट, सृजनश्री, वीरबहादुर चंद विस्राम सहित उत्तर प्रदेश व देशभर से आए लगभग पचास रचनाकारों ने काव्य पाठ किया और सम्मानित हुए। समारोह में डॉ. इंदु जौनपुरी, मनीष पांडेय, सौरभश्री, दिव्यांशु उपाध्याय, जगदीश कौर, बालकृष्ण पांडेय व निखिलेश मालवीय भी उपस्थित रहे।

# सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का सरस्वती शिशु वाटिका में आयोजन

**दो परिवारों के संस्कारों व भारतीयता को संजोने संवारने का दिया गया संदेश**

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध सरस्वती शिशु वाटिका चिलबिला पूर्वी द्वारा मातृ शक्तियों का सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम मातृ भारती के संयोजन में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला कार्यवाहिका राष्ट्र सेविका समिति प्रिया त्रिपाठी रही । कार्यक्रम की अध्यक्षता वसुधा फाउंडेशन की मैथिली सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा समवेत मां शारदे के सम्मुख दीप प्रज्जवलित व पुष्प अर्पित कर किया गया। इस मौके पर बहिनों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।परिचय एवं सम्मान तथा प्रस्ताविकी शिशु वाटिका चिलबिला पूर्वी की संचालिका विभा शुक्ला ने किया।अपने प्रस्ताविकी भाषण में भारतीय नारी को श्रीमद भगवद गीता के 10वें अध्याय के 13वें श्लोक के अनुसार सात गुणों से युक्त बताया और गीता के श्लोक कीर्ती श्रीवाक च नारिणाम स्मृति मेधा धृतिः क्षमा का उल्लेख किया तथा भारतीय नारियों जीजाबाई,लक्ष्मी बाई,अहिल्या बाई होलकर ,सती सावित्री, दुर्गा देवी आदि का उदाहरण देकर गौरवमई आदर्श का वर्णन किया।प्रत्यक्ष रानी लक्ष्मी बाई के रूप में पूर्व छात्रा अलंकृता, अहिल्या बाई होलकर के रूप में पूर्व छात्रा कोशिकी तिवारी सावित्री बाई फुले के रूप में दिव्यांशी सिंह मीरा बाई के रूप में मानसी सिंह जीजाबाई के रूप में नैंसी उमर वैश्य का उपस्थित नारियों को संदेश तथा अपने कालखंड में अपने कर्तव्य और किए गये समाज के कार्यों को रूप धरे बच्चो ने उद्धृत किया। विद्यालय बहिन वैष्णवी शिल्पकार की गीत सिर पर हिमालय का क्षत्र है देश नहीं ऐसा अन्यत्र है पर नृत्य प्रस्तुत किया जिसे लोगों ने सराहा और बालिका की प्रतिभा पर पुरस्कृत किया।इस मौके पर आचार्या ज्योति पाल,प्रीति सिंह, शालिनी पांडेय,संचालिका विभा शुक्ला प्रवेश द्वार पर कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे माताओं बहनों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने अपने व्यक्त करते हुए नारी को दो परिवारों के संस्कारों और भारतीयता को संजोने संवारने की जिम्मेदारी का निर्वहन करना बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही मैथिली सिंह ने पर्यावरण को समृद्ध करने की दृष्टि से तथा प्राणवायु के लिए पौधे लगाने बच्चो को प्रेरित किया। मातृ भारती की अध्यक्षा नेहा तिवारी ने आई हुई समस्त माताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।मंत्री सबिता पांडेय ने अतिथियों एवं उपस्थित माताओं से अपने बच्चों का उदाहरण देते हुए अपने बच्चों का प्रवेश कराने तथा संस्कारवान बालिकाध् बालक निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आग्रह किया। प्रश्नोत्तरी में भाग लेने वाली माताओं को अतिथियों द्वारा श्रीफल एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। वन्देमातरम के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। अंत में मातृ भारती की मंत्री ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शिशु वाटिका की वरिष्ठ आचार्या प्रीति सिंह, आचार्या ज्योति पाल, शालिनी पांडेय, काजल, बबीना सिंह आदि के सहयोग हेतु संचालिका विभा शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 25 हजार रुपये का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

**पट्टी।** थाना पट्टी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना प्रभारी आनंद पाल सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत 25 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।उप निरीक्षक अजय अंचल मय हमराह कांस्टेबल राघवेन्द्र यादव एवं कांस्टेबल पंकज यादव द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के अंतर्गत वांछित अभियुक्त अंचल पांडेय पुत्र विजयशंकर पांडेय, निवासी ग्राम रामपुर खागल, थाना पट्टी, जनपद प्रतापगढ़ (उम्र करीब 22 वर्ष) को पलावा कंस्ट्रक्शन, खोणी, डोंबिवली पूर्व, थाना मानपाडा, जनपद ठाणे शहर, महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त को सोमवार को दिन में लगभग दो बजे थाना पट्टी लाया गया, जहां आवश्यक चिकित्सीय परीक्षण के उपरांत अन्य विधिक कार्यवाही पूरी करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## ट्रक की चपेट में आने से मासूम की मौत, कोहराम

अखंड भारत संदेश



**लालगंज।** ट्रक की चपेट में आने से मासूम की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे वैशन आहरबीहर गांव निवासी राजू सरोज के अनुसार उसकी तीन वषीर्या पुत्री मान्या सोमवार को दोपहर करीब एक बजे दरवाजे के बगल से गुजरी सड़क के किनारे खेल रही थी। इसी दौरान उधर से गुजर रही एक ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना की जानकारी होते ही परिजन वहां पहुंचे और घायल मासूम को इलाज के लिए स्थानीय चिकित्सक के पास ले गये। जहां परीक्षण के बाद चिकित्सक ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। इधर आसपास के लोगों ने घेराबंदी कर चालक समेत ट्रक को कब्जे मे लेकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मासूम की मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मचा है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजवाया गया है। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## नाबालिग किशोरी हुई लापता, मुकदमा दर्ज

**बेलखरनाथ धाम।** दिलीपपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से शनिवार की सुबह 10 बजे दवा लेने नजदीकी बाजार गई 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी लापता हो गई। दो दिन तक वापस घर न लौटने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। परिवार के लोगों ने संबंधित रिश्तेदारों व आसपास के परिचितों के यहां तलाश किया लेकिन किशोरी का पता नहीं चला। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।घटना के दिन लापता किशोरी के परिजनों ने दिलीपपुर पुलिस को मोबाइल के माध्यम से सूचना और आसपास व रिश्तेदारों के यहां खोज किया लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। रविवार को गायब किशोरी की बहन की तहरीर पर दिलीपपुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिलीपपुर बलराम सिंह ने बताया कि किशोरी की तलाश में तीन सदस्यीय टीम गठित कर उसकी तलाश की जा रही है।

## रिटायर्ड राजस्व निरीक्षक की समारोहपूर्वक की गयी विदाई

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** तहसील सभगाार में आयोजित कार्यक्रम में रिटायर्ड राजस्व निरीक्षक रामचंद्र त्रिपाठी का अधिकारियों व साथियों ने समारोहपूर्वक सम्मान करते हुए उपहार भेंट किया और सुखद जीवन की कामना की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी शैलेन्द्र वर्मा ने रिटायर्ड राजस्व निरीक्षक के स्वस्थ व सुखद जीवन की कामना करते हुए कहा कि उन्होने अपने कार्यकाल में अपने व्यवहार से सभी का दिल जीता। कार्यक्रम में मौजूद बतौर अतिथि तहसीलदार गरिमा वर्मा तथा नायब तहसीलदार पंकज कुमार व वीरेन्द्र कुमार मिश्र ने रिटायर्ड राजस्व निरीक्षक रामचन्द्र त्रिपाठी के कार्य व्यवहार की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए लेखपाल संघ के अध्यक्ष केके सरोज ने कहा कि रिटायर्ड राजस्व निरीक्षक के मार्गदर्शन में कर्मचारियों को सीखने का सुअवसर मिला। वे कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्पद हैं। इससे पूर्व राजस्व निरीक्षकों, लेखपालों व अन्य राजस्वकर्मियों ने रिटायर्ड राजस्व निरीक्षक रामचंद्र त्रिपाठी का माल्यार्पण व अंगवस्त्रम से सारस्वत सम्मान किया। साथियों ने उन्हें उपहार भेंटकर स्वस्थ व सुखद जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन लेखपाल संघ के महामंत्री मो0 अकरम ने किया। इस मौके पर कुलदीप राव, विनोद यादव, राकेशकांत मिश्र, शरदचंद्र, विद्या प्रकाश, स्नेहा सिंह, शिप्रा दुबे, सुनील कनौजिया, जितेन्द्र शुक्ल आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## मनुष्य को जीवन में एक बार अवश्य सुननी चाहिए श्रीमद्भागवत कथा



**बेलखरनाथ धाम।** मनुष्य को जीवन में एक बार अवश्य श्रीमद् भागवत कथा सुनाई चाहिए।कथा सुनने पर उसके कई जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं। उक्त बातें बेलखरनाथ धाम के शेषपुर अठगवा गांव में वरूण पति शुक्ला व सुशीला शुक्ला द्वारा आयोजित सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा वाचक आचार्य शरद चंद्र पांडेय ने कही।उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है कि वह अपने जीवन में एक बार श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन करें और उसका रसपान करें जिससे उसके सारे कष्ट मिट जाएंगे।उन्होंने कहा कि राजा परीक्षित ने भी कथा सुनी तभी उनका कल्याण हुआ।इस कथा में भगवान कृष्ण की सारी लीलाएं जीवन में एक नई प्रेरणा देती है।इस दौरान दुर्गा प्रसाद शुक्ला विशंभर नाथ शुक्ला, महेंद्र कुमार शुक्ला, कृष्ण कुमार शुक्ला,विनय शुक्ला अरविंद शुक्ला, विंध्यवासिनी शुक्ला सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म के दो आरोपितों को गिरफ्तार भेजा जेल

**बेलखरनाथ धाम।** दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।दिलीपपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में अक्टूबर महीने में युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया उस दौरान मामले की विवेचना कर रहे उप निरीक्षक को पुलिस अधीक्षक ने लाइन हाजिर कर दिया।उक्त मामले की जांच चैकी प्रभारी बेलखरनाथ अनुपम पटेल को मिली।रविवार को मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपितों की घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। जिसमें दोनों आरोपित अंतू थाना क्षेत्र के लोहंगपुर गांव के पवन कुमार पुत्र अमरजीत व दूसरा विमलेश कुमार पुत्र रंजीत है। सोमवार को दिलीपपुर पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश कर किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिलीपपुर बलराम सिंह ने बताया कि युवती से दुष्कर्म के आरोपितों की गिरफ्तारी की गई है।जिसे न्यायालय भेजकर वहां से जेल भेज दिया गया।

## सोशल मीडिया पर ब्राह्मणों के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी, वीडियो वायरल

**अवैध असलहे के साथ फेसबुक पर युवक की कई फोटो पोस्ट, पुलिस कर रही है जांच**



**बेलखरनाथ धाम।** पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सांगापटी गांव निवासी श्रवण कुमार मिश्रा ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि सोमवार को उनके फेसबुक पर अमित हरियाली ग्रुप पर पूरेधना गांव निवासी अमित गौतम पुत्र छोटेलाल अपने फेसबुक अकाउंट से ब्राह्मण समाज के ऊपर अभद्र टिप्पणी करते हुए वीडियो पोस्ट किया है जो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसके साथ ही युवक की कई तस्वीरें अवैध असलहे के साथ फेसबुक व इंस्टाग्राम पर वायरल है।जिससे ब्राम्हण समाज में भारी नाराजगी है तथा लोगों में भय का माहौल व्याप्त है।इस मामले में श्रवण कुमार मिश्रा ने पट्टी पुलिस को तहरीर देकर आरोपित युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में पूरेधना चैंकी इंचार्ज कमलेश कुमार यादव ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम 05 व 6 फरवरी को

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा का जनपद प्रतापगढ़ भ्रमण कार्यक्रम तय किया गया है। वह 05 फरवरी को अपरान्ह 5.30 बजे निरीक्षण भवन प्रतापगढ़ पहुँचेंगी। 06 फरवरी को महिला आयोग की सदस्य प्रातः 8 बजे आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण, गोदभराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम में सहभागिता करेंगी। इसके पश्चात प्रातः 8.30 बजे वन स्टाफ सेंटर का निरीक्षण करेंगी। पूर्वान्ह 9 बजे डॉ. सोनेलाल पटेल 100 बेड जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण करेंगी। इसके बाद पूर्वान्ह 10.30 बजे वृद्धाश्रम चिलबिला तथा पूर्वान्ह 11.30 बजे जिला महिला बंदीगृह का निरीक्षण करेंगी। अपरान्ह 1.30 बजे विकास भवन में महिला आयोग की सदस्य जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक करेंगी। शाम 6 बजे पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता के यहां आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी।

## जमीनी विवाद में हाथापाई व जान से मारने की दी धमकी

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के नचरौला गांव निवासी सुमित कुमार मिश्र ने जमीनी विवाद को लेकर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि पड़ोसियों से आबादी की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है, जिसको लेकर आरोपी जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं।सुमित कुमार मिश्र का कहना है कि जब उन्होंने कब्जे का विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ हाथापाई की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने यह भी बताया कि वह जिला मुख्यालय पर कार्यरत हैं और अधिकांश समय घर से बाहर रहते हैं, जबकि घर में कोई पुरुष सदस्य मौजूद नहीं रहता। ऐसे में आरोपियों द्वारा किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दिए जाने की आशंका बनी हुई है।पीड़ित ने पुलिस से सुरक्षा प्रदान करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में थाना अध्यक्ष आसपुर देवसरा विजेंद्र सिंह ने बताया कि मामले में पीड़ित का प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। मामले की जांच कराई जा रही है और जांच के उपरांत आवश्यक व उचित कार्रवाई की जाएगी।

### मारपीट व धमकी को लेकर दर्ज हुआ केस

**प्रतापगढ़।** मारपीट व धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे लम्बरदार रांकी गांव निवासी मो0 युसुफ पुत्र लियाकत अली ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती इक्तीस जनवरी की शाम करीब पांच बजे रंजिश को लेकर गांव के ही आरोपी मो0 सिराज पुत्र युनुस व वतसैफ उर्फ सोनू पुत्र गुलाम ने गालीगलौज करते हुए मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## विद्यालय में चोरी दी तहरीर

**प्रतापगढ़।** विद्यालय में चोरी की घटना को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के मादामई गांव निवासी एएन लॉजिकल कान्वेंट स्कूल के प्रबन्धक मुरलीधर शुक्ल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती इक्तीस जनवरी की रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय की दीवार में सेंधमारी कर अंदर कमरे में रखे दो लैपटॉप व दो डेस्कटॉप कम्प्यूटर चुरा ले गये। पीड़ित दो फरवरी सोमवार की सुबह विद्यालय पहुंचा तो चोरी की घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन कर वापस लौट गयी। पीडित का यह भी आरोप है कि यह उसके विद्यालय में चोरी की तीसरी घटना है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## दबंगों पर जबरन भूमि कब्जाने का आरोप

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के नीमा खुर्द कला गांव निवासी जटाशंकर ने गांव के कुछ दबंगों पर उनकी भूमिधरी जमीन पर जबरन कब्जा करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार उनकी भूमिधरी के बगल उसर खाते की जमीन है, जिस पर गांव के ही पवन यादव, अमन यादव, शांति देवी, राम अकबाल, राम मूरत व रीता देवी आदि द्वारा उसर भूमि के साथ-साथ उनकी भूमिधरी जमीन गाटा संख्या 183 के कुछ हिस्से पर भी अवैध कब्जा कर लिया गया है।पीड़ित का आरोप है कि शेष बची भूमि पर भी कब्जा करने की नीयत से आरोपियों द्वारा पिलर खड़े कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपी लाठी-डंडा लेकर दौड़ा लिए, जिससे वह किसी तरह भागकर अपनी जान बचा सके।जटाशंकर ने बताया कि इस संबंध में स्थानीय थाने पर शिकायत करने पर पुलिस द्वारा इसे राजस्व का मामला बताकर टाल दिया गया, जिससे दबंगों के हौसले और बढ़ गए हैं।परेशान पीड़ित ने सोमवार की दोपहर करीब दो बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जिलाधिकारी प्रतापगढ़, पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ समेत अन्य उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेजकर भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे को रुकवाने तथा अपने जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही का केस दर्ज

**लालगंज।** दुर्घटना में घायल होने पर पुलिस ने चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे मनऊ अगई निवासी मनीष तिवारी पुत्र नन्हेंलाल तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तीस जनवरी की शाम करीब साढ़े छः बजे उसके पिता रामपुर कसिहा से घर लौट रहे थे। रास्ते में पीछे से पहुंचे सूरज यादव पुत्र राजेन्द्र यादव निवासी पूरे अहिरन अगई ने लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाते हुए नन्हेंलाल को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी चालक के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सड़क दुघर्टना में दो बाइक सवार, घायल

**बेलखरनाथ धाम।** कोहड़ौर थाना के शोभीपुर निवासी रामचंद्र गुप्ता (45)परिवार के मंजीत गुप्ता (14) के साथ रविवार शाम एक बाइक से दीवानगंज बाजार स्थित एक मांगलिक कार्यक्रम में गए थे,वहां से रात लगभग आठ बजे दोनों बाइक से घर जा रहे थे । रास्ते में पट्टी चिलबिला मुख्य मार्ग पर वीरमऊ गांव के पास बीच सड़क पर अचानक नील गाय आ जाने से दोनों बाइक सवार अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए,सूचना पर मौके पर पहुंचे दीवानगंज चैकी इंचार्ज दीपक कुमार ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए सीएचसी बेलखरनाथ धाम अस्पताल भेजा।

## शुकुलपुर चौराहे पर कई माह से खराब पड़े हैंडपंप को समाजसेवी ने कराया रिबोर

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** नगर पंचायत गड़वारा बाजार स्थित शुकुलपुर चैराहे पर पिछले कई माह से खराब पड़े इंडिया मार्का हैंडपंप को समाजसेवी आशुतोष तिवारी श्मोनूश ने अपने निजी खर्च पर रिबोर कराकर ठीक कराया है। इससे क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली है।शुकुलपुर चैराहा शहर जाने का एक मुख्य मार्ग है, जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं और आम नागरिक गुजरते हैं। यह हैंडपंप पानी का एकमात्र सहारा था, जिसके खराब होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।स्थानीय लोगों ने हैंडपंप को ठीक कराने के कई प्रयास किए थे, लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। जानकारी होने नगर पंचायत गड़वारा के कुशहा निवासी समाजसेवी आशुतोष तिवारी श्मोनूश ने इस समस्या को हल करने का प्रयास किया। तत्काल हैंडपंप का रिबोर करवाया। उनके इस कार्य से स्थानीय लोग बेहद प्रसन्न हुए और उन्होंने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर आशुतोष तिवारी की सराहना की।इस अवसर पर शिव प्रसाद शुक्ल, दुर्गा प्रसाद पाण्डेय,, शकील मास्टर, कपिल शुक्ल, गुड्डू शुक्ल, राम नेवाज मौर्य, संजय शुक्ल, लादेन और उदय राज तिवारी आदि मौजूद रहे।

# कौशाम्बी संदेश

## टीन शेड ने नीचे सो रहे अधेड़ की धारदार हथियार से हत्या

**गांव से बाहर सड़क के बगल में घर बनाकर रहता था मृतक, पुलिस फोरेंसिक टीम जांच में जुटी**

अखंड भारत संदेश





**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के कानेमई गांव में रविवार देर रात घर के बाहर सो रहे अधेड़ की अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला कर निर्मम हत्या कर दी। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है सूचना पर सीओ सिराथू भैया संतोष कुमार ने पुलिस व फोरेंसिक टीम के साथ जांच पड़ताल के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जानकारी के मुताबिक कानेमई गांव निवासी 55 वषीय गणेश प्रसाद पुत्र दशरथ खेती किसानी कर परिजनों का भरण-पोषण करते थे। उन्होंने गांव के बाहर सड़क पर धर्मा देवी इंटर कालेज के नजदीक अपने खेत में घर बनाकर रहते थे,एक छोटी सी दुकान लगाकर समोसा आदि बेंचवाते थे,इसके अलावा वह केन कनवार स्थित एक प्राइवेट स्कूल की बस में कंडक्टर का काम करते थे। मृतक के बेटे राहुल ने बताया कि पिता रोज की तरह रविवार की रात घर के बाहर टीन शेड के नीचे चारपाई बिछाकर सो रहे थे। वह रोजाना पांच बजे भोर स्कूल बस में चले जाते थे, लेकिन सोमवार की सुबह नहीं उठे।राहुल उन्हें जगाने पहुंचा तो देखा पिता का शव रक्त रंजित हालत में बिस्तर में पड़ा था।सिर में कई वार कर उसके पिता की नृशंस हत्या कर दी गई थी।यह देख उसकी चीख निकल गई। शोरगुल पर परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो सभी को घटना की जानकारी हुई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों के अनुसार गणेश प्रसाद के 6 बच्चे थे 3 लड़का और 3 लड़किया जिनमें 2 लडको की शादी हो गई,2 लडकियो बबली और लबली की शादी हो गई ,बबली भी धर्मा देवी इंटर कालेज के पास घर बनाकर रहती है बबली शादी के बाद पति के साथ पूना गई थी जहां 6 से 7 माह पहले बबली के पति की हत्या हो गई थी,शव के साथ गांव आ गई थी क्रिया कर्म करने के बाद अपने घर में रहती थी,गणेश की छोटी बेटी कुछ माह पहले एक युवक के साथ फरार हो गई थी,गणेश प्रसाद के फोन काल में फजी दरोगा बनकर 50 हजार की मांग की थी जिसका कुछ दिनों पहले कौशाम्बी पुलिस ने खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था,सुधा को उसका मझला बहनोई अपने साथ पूना लेकर चला गया।गांव के सूत्रों अनुसार बबली के पति की मौत के बाद एक व्यक्ति से प्रेम संबंध चल रहा था वह व्यक्ति क्षेत्र के एक प्राइवेट विद्यालय में बस चालक था ज्योंहि इसकी भनक विद्यालय के प्रबंध तंत्र को हुई 2 माह पहले बस चालक को निकाल दिया गया था 1 जनवरी के बाद बबली भी लापता बताई जा रही है।अधेड़ की हत्या किसने की रहस्य बना हुआ है वही विश्वस्त सूत्रों के अनुसार पुलिस ने कुछ संदिग्धों को उठाया है शीघ्र खुलासे की उम्मीद बताई जा रही है।

सूचना पर एएसपी राजेश कुमार सिंह, सीओ सिराथू भैया संतोष कुमार पुलिस व फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे व छानबीन की। फिलहाल घटना को लेकर परिजन कुछ नहीं बता पा रहे हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।एएसपी का कहना है कि मृतक के परिजनों से पूछताछ के बाद घटना के सही कारण का पता चल सकेगा। जल्द ही हत्यारों को गिरफ्तार किया जाएगा। इसके लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया है।



## महगांव से बलीपुर टाटा सड़क मार्ग का निर्माण कार्य शीघ्र कराए पूर्ण : डीएम

**जिलाधिकारी ने रामवन गमन मार्ग व प्रयागराज एयरपोर्ट-कौशाम्बी मार्ग के निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण कराने के दिए निर्देश**

कौशांबी। जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने सोमवार को कार्यालय कक्ष में निर्माणाधीन रामवन गमन मार्ग व प्रयागराज एयरपोर्ट-कौशाम्बी एवं एन.एच.ए.आई. व पी.एम.जी.एस.वाई. के कार्यो की प्रगति की समीक्षा की जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, लो.नि.वि. निर्माण खण्ड दयाशंकर से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि उप जिलाधिकारी से समन्वय कर भूमि से सम्बन्धित समस्याओं को निस्तारित कराते हुए निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण कराया जाय।। जिलाधिकारी ने रामवन गमन मार्ग के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता रामवन गमन मार्ग से कहा कि सम्बन्धित उप जिलाधिकारी एवं अतिरिक्त मजिस्ट्रेट से समन्वय कर भूमि से सम्बन्धित समस्याओं को निस्तारित कराते हुए निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण कराया जाय। उन्होंने पी.एम.जी.एस.वाई. की समीक्षा के दौरान सहायक अभियंता को महगांव से बलीपुर टाटा सड़क मार्ग का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए बैठक में अपर जिलाधिकारी शालिनी प्रभाकर व ओम प्रकाश सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## नामावलियों के आलेख्य प्रकाशन के पूर्व 732 फार्मो का किया गया निस्तारण

**कौशांबी।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विशेष प्रगढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 06.01.2026 से 28.01.2026 तक जनपद के तीनों विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों (251-सिराथू, 252-मंझनपुर एवं 253 चायल) के लिये मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राज्जीय राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त किये गये बी०एल०ए० के माध्यम से मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु प्रारूप-6 बहुजन समाज पाटी द्वारा 427, भा० ज०पा० द्वारा 725, कांग्रेस पाटी द्वारा 298 एवं समाजवादी पाटी द्वारा 652 कुल 2102 फार्म प्राप्त कराये गये है। उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि नामावलियों के आलेख्य प्रकाशन के पूर्व दिनांक 28.10.2025 से 05.01.2026 तक की अवधि में कुल 5603 प्रारूप-6, 82 प्रारूप-7 एवं 2532 प्रारूप-8 प्राप्त हुए है तथा आलेख्य प्रकाशन के पश्चात दिनांक 06.01.2026 से 01.02.2026 तक कुल 17943 प्रारूप-6, 336 प्रारूप-7 एवं 5134 प्रारूप-8 प्राप्त हुए है। कुल प्राप्त दावें आपत्तियों के सापेक्ष 732 फार्मो का नियमानुसार निस्तारण करा दिया गया है।

## ब्लॉक प्रमुख सिराथू की जगह पहुंचने वाले लवकुश मौर्य को डिप्टी सीएम ने लगाई फटकार

**विधानसभा चुनाव में भी लवकुश मौर्य ने भाजपा के विधायक प्रत्याशियों का किया था जमकर विरोध**




**कौशांबी।** खंड विकास अधिकारी सिराथू क्षेत्र से सीतू मोर्य ब्लाक प्रमुख निर्वाचित हुई है लेकिन ब्लॉक प्रमुख पद पर उनके पति लवकुश मौर्य का ही शोषण अत्याचार चल रहा है कभी भी सीतू मौर्य ब्लॉक प्रमुख का दायित्व नहीं संभाल सकी है मंच से लेकर कार्यालय तक ब्लॉक प्रमुख का दायित्व उनके पति झोलाछाप डॉक्टर लव कुश मौर्य संभाल रहे हैं ब्लॉक प्रमुख के प्रभाव की आड़ में वह अवैध तरीके से नर्सिंग होम का संचालन कर रहे हैं ब्लॉक प्रमुख बनने के बाद पत्नी सीतू मौर्य का उत्पीड़न कर प्रत्येक स्थान पर लव कुश मौर्य पहुंच जाते हैं यहां तक कि अब वह डीएम सीडीओ की मीटिंग में भी ब्लॉक प्रमुख पति के नाम पर मंच में पहुंचते हैं इसी आदत के अनुसार रविवार को लव कुश मौर्य डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के मंच पर ब्लॉक प्रमुख की हैसियत से पहुंच गए जिस पर खुले शब्दों में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने लव कुश मौर्य को फटकार लगाई और कहा कि मंच पर केवल निर्वाचित ब्लॉक प्रमुख चेयरमैन रहेंगे उनके प्रतिनिधि का काम मंच पर नहीं होगा डिप्टी सीएम की फटकार के बाद लवकुश मौर्य के चेहरे पर हवाइयां उड़ने लगी है हालांकि विधानसभा चुनाव में भी लव कुश मौर्य ने भाजपा के विधायक प्रत्याशियों का जमकर विरोध किया था उस समय यह राजा भैया की लोकतांत्रिक पाटी का झंडा वेदर लेकर घूम रहे थे और राजा भैया के प्रत्याशी को जिताने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाया था और जब राजा भैया के प्रत्याशी को जनता ने आशीर्वाद नहीं दिया भाजपा प्रत्याशी की जीत हुई तो लवकुश मौर्य ने मौके का फायदा उठाते हुए भारतीय जनता पाटी से नजदीकी बधाई और मौका मिलते ही दल बदलू की तरह लवकुश मौर्य भाजपा में शामिल हो गए उसके बाद सीतू मौर्य को भाजपा ने सिराथू ब्लॉक प्रमुख पद का प्रत्याशी बनाया भाजपा के रहमो करम पर सीतू मोर्य ब्लाक प्रमुख सिराथू बनी है लेकिन अपने पति लवकुश मौर्य के उत्पीड़न से ही सीतू मौर्य परेशान है और सीतू मौर्य ब्लॉक प्रमुख सिराथू के पूरे अधिकार को उनके पति लव कुश मौर्य ने छीनकर खुद ब्लॉक प्रमुख बन कर भौकाल बना रहे हैं।

## विकास खंड मंझनपुर में संपूर्णता अभियान-2.0 का शुभारंभ



**कौशांबी।** मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी की अध्यक्षता में आकांक्षात्मक विकासखंड मंझनपुर में नीति आयोग द्वारा संचालित संपूर्णता अभियान-2.0 का शुभारंभ सरस हॉल में किया गया। इस अवसर पर अभियान के उद्देश्यों एवं क्रियान्वयन रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत चयनित 6 इंडिकेटरों को शत-प्रतिशत संतृप्त करने के लिए तीन माह का विशेष अभियान दिनांक-28 जनवरी 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जा रहा है अभियान में आई.सी.डी.एस. विभाग के 4 इंडिकेटर, शिक्षा विभाग का 1 इंडिकेटर तथा कृषि/पशुपालन (एनिमल हसबेंडरी) विभाग का 1 इंडिकेटर सम्मिलित है, जिनकी पूर्ण उपलब्धि सुनिश्चित करना लक्ष्य है। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र यादव,जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी,ब्लॉक प्रमुख सरला रॉय,एडीओ आईएसबी नसर,एडीओ पंचायत कमलाकांत मिश्रा,पशु चिकित्सा अधिकारी योगेंद्र,मुख्य सेविका, मुख्यमंत्री फेलो सुश्री सौम्या अवस्थी,प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीरज, सहायक शोध अधिकारी सूयर्भान सिंह सहित समस्त ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान, आंगनवाड़ी कार्यकत्री, आशा संगिनी एवं आशा कार्यकत्री उपस्थित रहीं।कार्यक्रम के दौरान सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने तथा लक्षित लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पहुँचाने के निर्देश दिए गए।

## विकास खंड कौशाम्बी में संपूर्णता अभियान-2.0 का किया गया शुभारंभ



**कौशांबी।** आकांक्षी विकास खण्ड कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ नीति आयोग द्वारा चिन्हित स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं कृषि क्षेत्रों में 6 इंडिकेटर्स के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विकास खण्ड कौशाम्बी के ग्राम पंचायत कोसम इनाम के पंचायत भवन से किया गया। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी शैलेन व्यास, खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, सीएम फेलो एमओआईसी बाल विकास परियोजना अधिकारी, एडीओ आईएसबी, प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं शिक्षकगण, पशु चिकित्सालय के वेटरिनरी अधिकारी, ग्राम प्रधान, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, आशा, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहें।कार्यक्रम का संचालन नीति आयोग से नामित सीएम फेलो राजेश कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी विभागों एवं जनप्रतिनिधियों ने आपसी समन्वय से अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। अभियान के अंतर्गत चयनित 6 प्रमुख इंडिकेटर्स को आगामी 03 माह की अवधि में पूर्ण रूप से सैचुरेट किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिससे आकांक्षी विकास खण्ड को प्रेरणादायी विकास खण्ड के रूप में विकसित किया जा सके।

## अपहृत गुमशुदा तीन बालिकाओं को कोखराज पुलिस ने किया बरामद

**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना पुलिस ने तीन अपहृत गुमशुदा बालिकाओं को बरामद किया है। यह कार्रवाई 02 फरवरी 2026 को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई।पुलिस के अनुसार अलग-अलग तिथियों में थाना कोखराज क्षेत्र से तीन बालिकाओं के गुमशुदा अपहृत होने की सूचना प्राप्त हुई थी। इस संबंध में थाना कोखराज में क्रमशः मु0अ0सं0 51/2026 व 52/26 धारा 137(2) बीएनएस तथा मु0अ0सं0 60/ 26 धारा 137(2)/ 87/352/351(2) के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीम गठित कर सभी बालिकाओं की सकुशल बरामदगी हेतु अभियान चलाया गया।मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने गहन तलाश और सूचना संकलन के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीनों अपहृत पीड़ित बालिकाओं को अलग-अलग स्थानों से बरामद कर लिया।बरामदगी के बाद बालिकाओं के संबंध में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस पूरी कार्रवाई को थाना कोखराज पुलिस टीम द्वारा अंजाम दिया गया।

## कर्मचारियों की तैनाती होने के बाद एसआईआर फॉर्म के लिए ब्लॉक का चक्कर लगा रहे ग्रामीण

**खुले आसमान के नीचे गांव के लोग घंटों अफसर का करते रहे इंतजार**



**अझुवा कौशांबी।** मतदाता सूची के सत्यापन और एसआईआर फॉर्म को पूर्ण कराए जाने के लिए पूरे जिले में कर्मचारियों की लंबी चौड़ी फौज की तैनाती कर एसआईआर फॉर्म कंप्लीट करने का निर्देश संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को दिया गया है लेकिन गांव क्षेत्र में एस आईआर फॉर्म कंप्लीट करने के लिए तैनात कर्मचारी नहीं पहुंच रहे हैं बल्कि मतदाता सूची कंप्लीट करने के लिए एसआईआर फॉर्म को पूर्ण करने के लिए ग्रामीणों को नोटिस देकर संबंधित खंड विकास अधिकारी कार्यालय बुलाया जा रहा है। खंड विकास अधिकारी कार्यालय पहुंचने के बाद मौके पर अधिकारी नहीं मिलते हैं कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों से बताया जाता है कि अधिकारी मीटिंग में गए हैं जिससे मतदाताओं का फॉर्म नहीं कंप्लीट होता उन्हें वापस लौटना पड़ता है इतना ही नहीं एक परिवार का मुखिया यदि कार्यालय पहुंचता है तो पूरे परिवार के एसआईआर फॉर्म को अधिकारी कंप्लीट नहीं करते हैं कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों को यह बताया जाता है कि परिवार के प्रत्येक सदस्य को वह ब्लॉक लेकर आए तभी उसका एसआईआर फॉर्म कंप्लीट किया जाएगा अब सवाल उठता है कि गांव के लोगों के पास रोजी रोटी के लिए बड़े साधन नहीं है वह मजदूरी करते हैं खेती किसानी करते हैं और यदि एसआईआर फॉर्म को कंप्लीट करने के लिए ग्रामीण जनता खंड विकास अधिकारी कार्यालय का चक्कर लगाती रहेगी तो उनके सामने 2 जून रोटी की समस्या उत्पन्न हो जाएगी लेकिन गांव के लोगों की इस गंभीर समस्या का समाधान करने के बजाय एसआई आर फॉर्म कंप्लीट करने की ड्यूटी में लगे अधिकारी कमर्चारी केवल औपचारिकता निभाने तक इस मामले में सीमित रह गए हैं जिससे हजारों मतदाताओं को दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। सोमवार को देखा गया है कि खंड विकास अधिकारी कड़ा कार्यालय में एस आई आर फार्म के लिए जिन लोगों को नोटिस दी गई थी वह सुबह से ब्लॉक पहुंचे हैं, खुले आसमान के नीचे घंटो गांव के लोग अफसर का इंतजार करते रहे लेकिन मौके पर कोई अधिकारी नहीं दिखाई पड़ा बड़ी मुस्किल से एसआईएस का कार्य हो रहा है यह किसी एक गांव की समस्या नहीं है।जब इस कार्य के लिए कमर्चारी को चुना गया था,तो पब्लिक को क्यों ब्लाकों के चक्कर करवाए जा रहे हैं लेकिन उसके बाद इस मामले में जिम्मेदार अधिकारी गंभीर नहीं है।

## करोड़ों पौधे सूखने के मामले में शासन ने शुरू कराई जांच, बौखलाए वन विभाग के अफसर

**वन विभाग के कंजरवेटर प्रयागराज ने रेंजर मंझनपुर को लगाई जमकर फटकार, करोड़ों पौधे सूखने के मामले में शासन की सख्ती के बाद वन विभाग के अधिकारियों पर लटकी कार्यवाही की तलवार**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** बृहद्ध पौधा रोपण अभियान में कौशांबी की धरती में पौधारोपण में बड़ा खेल हुआ है अधिकारियों ने जहां एक तरफ पौधरोपण ना करने पर भी पौधारोपण की 100 करोड की रकम हजम कर ली है वहीं दो करोड़ पौधे ना तैयार होने से सरकार को 50 हजार करोड का बड़ा नुकसान हुआ है अखिलेश यादव की सरकार 2012 में शुरू हुआ वृहद पौधा रोपण में 14 वर्ष के अंतराल में योगी सरकार के कार्यकाल वर्ष 2025 तक दो करोड़ से अधिक पौधे सरकारी अभिलेखों में कौशांबी की धरती पर रोपित किए गए थे लेकिन देखरेख के अभाव में करोड़ों पौधे सूख गए हैं या फिर विभागीय अधिकारियों ने करोड़ों पौधों का रोपण ही नहीं किया है लेकिन वन विभाग में खुलेआम भ्रष्टाचार का खेल चलता रहा और वन विभाग के अधिकारी सरकार को बृहद पौधरोपण की सूचना देकर वाहवाही लूटते रहे बीते 14 वर्षों के अंतराल में कौशांबी की धरती में रोपित किए गए दो करोड़ पौधे कौशांबी में इस समय मौजूद न होने की भनक जैसे ही वन विभाग के मुख्य वन संरक्षण लखनऊ को लगी उन्होंने मामले में जांच कराए जाने का भरोसा दिया हैं जांच कराए जाने की जानकारी मिलते ही पूरे वन विभाग में खलबली मच गई है और बचाव के तरीके ढूंढने लगे हैं नेताओं के चरणों में विभाग के अधिकारी गिरते दिखाई पड़ रहे हैं विभागीय सूत्र बताते हैं कि वन विभाग के कंजरवेटर प्रयागराज ने रेंजर मंझनपुर को जमकर फटकार लगाई है जिससे रेंजर का चेहरा मायूस दिखाई पड़ रहा है। बृहद पौधा रोपण अभियान में वन विभाग के अधिकारी रातों-रात मालामाल हुए है यदि वन विभाग के अधिकारियों की अकूत संपत्तियों की स्वतंत्र एजेंसियों से निष्पक्ष तरीके से जांच हुई तो भ्रष्टाचार के बड़े खुलासे होंगे बृहद पौधा रोपण में कराए गए दो करोड़ पौधों में करोड़ों पौधे कौशांबी की धरती से गायब होने के मामले में शासन की सख्ती के बाद वन विभाग के अधिकारियों पर कार्यवाही की तलवार लटकी दिखाई पड़ रही दो करोड़ पौधे रोपड़ के भ्रष्टाचार की मुख्य वन संरक्षक ने विंदुवार जांच कराई तो वन विभाग के अधिकारियों पर बड़ी गाज गिरेगी वन विभाग के कई मठाधीश अधिकारी निलंबित होंगे कई वन विभाग के मठाधीश अधिकारी जेल जाएंगे लेकिन सवाल उठता है कि क्या पौधारोपण में इतने बड़े हेरा फेरी के मामले की निष्पक्ष जांच हो पाएगी या फिर लीपापोती कर पूरे मामले को हजम करने का प्रयास किया जाएगा व्यवस्था पर यह बड़ा सवाल खड़ा है।

## न्यूज झरोखा

### कोचिंग जा रही स्कूटी सवार बालिका को बेकाबू रोडवेज बस ने मारी टक्कर बालिका गंभीर घायल



**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के समता फिलिंग पेट्रोल पंप कोखराज के पास कोचिंग जा रही स्कूटी सवार एक बालिका को सोमवार की लगभग 11:00 बजे दिन में तेज रफ्तार बेकाबू रोडवेज बस ने जोरदार टक्कर मार दी है जिससे बालिका सड़क पर स्कूटी समेत गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गई है रोडवेज बस इस कदर बेकाबू थी कि टक्कर मारने के बाद भी चालक ने बस नहीं रोका है और बस को तेज गति से लेकर फरार हो गया है दुर्घटना देखकर आसपास के सैकड़ो लोग मौके पर पहुंचे हैं मामले की सूचना एंबुलेंस और पुलिस को दी गई है घायल बालिका को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के मालाक भायल ग्राम निवासी रिंकी देवी उम्र लगभग 20 वर्ष पुत्री महेश कुमार सोमवार की सुबह लगभग 11 बजे स्कूटी से कोचिंग जा रही थी जैसे ही रिंकी देवी समता फिलिंग पेट्रोल पंप कोखराज के पास पहुंची प्रयागराज की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बेकाबू रोडवेज बस ने ओवरटेक के चक्कर में स्कूटी सवार बालिका रिंकी देवी को जोरदार टक्कर मार दिया है जिससे स्कूटी समेत रिंकी देवी सड़क पर गिर पड़ी हैं और गंभीर रूप से घायल हो गई है दुर्घटना देखकर सैकड़ो लोग मौके पर पहुंचे एनएचएआई की एम्बुलेंस भी घटनास्थल पर पहुंची जानकारी मिलते ही थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है और घायल बालिका को इलाज के लिए एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया है दुर्घटना की जानकारी मिलते ही बालिका के परिवार रिश्तेदार भी घटना स्थल पर पहुंच गए हैं बालिका को टक्कर मारने के बाद तेज रफ्तार बेकाबू रोडवेज बस चालक बस को लेकर फरार हो गया है पुलिस बस को रोक नहीं सकी है बीते कुछ महीने के बीच रोडवेज बस चालकों के अनियंत्रित वाहन चलाने के चलते रोडवेज बस से कई दुर्घटनाएं हो चुकी है रोडवेज बस चालकों पर भी कठोर कारर्वाई किए जाने की जरूरत है तभी रोडवेज बस के चालक निर्धारित गति सीमा में वाहनों को चलाएंगे और दुर्घटनाएं नहीं करेंगे।

### हार्ट अटैक से कोटेदार की मौत



**महेवाघाट कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत अलवारा के विगत 20 वर्षो से कोटे की दुकान का संचालन करने वाले राम आसरे कोटेदार को तीन दिन पहले दिल का दौरा पड़ा हालत गंभीर होने पर परिवार के लोग लेकर उन्हें इलाहाबाद के अस्पताल पहुंचे और इलाज के लिए हॉटलाइन प्रयागराज में भती कराया है 2 दिन इलाज के बाद प्रयागराज के हार्ट लाइन में रविवार की भोर हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई है अपने पीछे वह दो लड़के दीपक और सत्यम सहित तीन लड़कियां को छोड़कर गए हैं सभी की शादी हो चुकी है रविवार को उनका अंतिम संस्कार भारी भीड़ के बाद कर दिया गया है कोटेदार के अंतिम संस्कार में गांव के सैकड़ो लोग मौजूद रहे कोटेदार की आकस्मिक निधन से गांव क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई।

### सभी लोगों के विकाश में यह बजट साबित होगा मील का पत्थर : रमेश अग्रहरि

**उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल ने की बजट की सराहना**



**भरवारी कौशाम्बी।** भारत सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर चर्चा करते हुए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रांतीय वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरि ने कहा कि भारत सरकार के द्वारा रविवार को पेश किए गए बजट में सभी वर्गों के लोगों का ख्याल रखा गया है और यह बजट सभी वर्ग के लोगों के लिए हितकर होगा मोदी सरकार द्वारा पेश किए गए बजट की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इस बजट से उद्योग व्यापार को बढ़ावा मिलेगा एक-एक नागरिक को रोजगार के अवसर प्रदान होंगे गरीब कमजोर पिछड़ो अनुसूचित समाज के लोगों के विकाश में यह बजट मील का पत्थर साबित होगा उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा पेश किया गया बजट सभी वर्गों के लोगों के विकास को ध्यान में रखकर पेश किया गया और सभी वर्ग के लोग खुशहाल होंगे।

### लखनऊ पहुंचकर तमाम लोग हुए कांग्रेस में शामिल



**कौशांबी।** लखनऊ स्थित कांग्रेस पाटी मुख्यालय पर आयोजित संविधान संवाद एवं राज्य स्तरीय मनरेगा सम्मलेन कार्यक्रम में प्रभारी उत्तर प्रदेश,पूर्व सांसद अविनाश पांडेय एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय एवं मनरेगा बचाओ अभियान के संयोजक संजय दीक्षित एवं सभी राष्टीय सचिव गण एवं प्रदेश सम्मानित पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिलाध्यक्ष कांग्रेस गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में कई कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी कांग्रेस पाटी में शामिल हुए इस पर जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि पाटी नेतृत्व द्वारा आयोजित इस मनरेगा संवाद में हमारे नेताओं ने हमे यह निर्देशित किया है कि मनरेगा जो कि गरीब श्रमिकों की आशा और उम्मीद थी उसे भाजपा अपने षड्यंत्र से योजना को समाप्त करने की कोशिश कर रही है लेकिन हम कांग्रेस जन गरीबों के हितकारी योजनाओं को कभी समाप्त नहीं होने देंगे और जनता की अधिकार की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ेंगे।

### नंद गोपाल गुप्ता नंदी मंत्री से मिले डॉक्टर अरुण केसरवानी



**कौशांबी।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अध्यक्ष डॉक्टर अरुण केसरवानी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कमर्चारियों की समस्याओं को लेकर के नंद गोपाल गुप्ता नंदी औद्योगिक एवं विकास मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार से मिले और कमर्चारियों के संबंध में शिष्टाचार भेंट करते हुए समस्याओं से अवगत कराया तथा संगठन की आगामी रूपरेखा शपथ ग्रहण इत्यादि पर विस्तृत चर्चा की राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के महामंत्री जितेंद्र सिंह परमार ने कहा कि अब समय दूर नहीं है राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कमर्चारियों की समस्याएं जल्द दूर होगी तथा कमर्चारियों का समान कार्य सामान्य वेतन संबंधी मांगों को लेकर हम सब मजबूती के साथ खड़े होंगे डाक्टर अरुण केसरवानी की इस पहल पर संगठन के कमर्चारी पदाधिकारी ने उनके कार्यो की सहायता की है।

### घर से भागे दो नाबालिग बालकों को पुलिस ने किया बरामद

**कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उतरावां से 29 जनवरी को रोहन उम्र 12 वर्ष पुत्र अमृत लाल अपने दोस्त 13 वषीय रिशम के साथ स्कूल जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन स्कूल से वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बावजूद दोनों का कोई पता नहीं चल सका।सैनी कोतवाली में मु.अ.सं. 31/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ पुलिस टीम द्वारा स्कूल शिक्षकों से पूछताछ और आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इसी क्रम में दिनांक 31 जनवरी 2026 को थाना सैनी पुलिस ने दोनों गुमशुदा बालकों को सिराथू स्टेशन के पास ओवरब्रिज के नीचे से सकुशल बरामद किया।पूछताछ में बच्चों ने बताया कि वे कई दिनों से स्कूल नहीं जा रहे थे और विद्यालय से इसकी सूचना घरवालों को मिल गई थी। इसी डर से वे उतरावां से सिराथू पहुंचे,वहां से ट्रेन पकड़कर छिवकी स्टेशन गए,फिर इटारसी स्टेशन तक गए,जहां मन बदलने पर पुनः सिराथू लौट आए।बरामद किए गए दोनों बच्चों को नियमानुसार बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### वारण्टी अभियुक्त को सैनी कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कड़ा कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 226/05 धारा 147/149/336/34 भादवि व 7 सीएलए एक्ट से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त छेद्दू उर्फ छेदीलाल पुत्र शिवराज निवास पथरावां थाना सैनी को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

# सम्पादकीय

## बजट 2026-27 को वैश्विक उथल-पुथल के बीच स्थिर आर्थिक विकास का फायदा

**यह** सबसे नया मुक्त व्यापार समझौता खास तौर पर मुश्किल है। यह कम से कम दो दशकों से बन रहा था। फिर भी, अचानक यह जादू की तरह हो गया। सभी मुश्किल मुद्दे भुला दिए गए और समझौता हो गया। ऊपर से देखने पर, यह आर्थिक रणनीति के ठोस हिस्से के बजाय मुख्य रूप से एक राजनयिक उपकरण के तौर पर काम का लगता है।

2026-27 का भारतीय बजट अशांत माहौल के बीच आ रहा है। वैश्विक उथल-पुथल के बीच, भारतीय अर्थव्यवस्था खुशी-खुशी आगे बढ़ रही है। आखिर, हर साल ऐसा नहीं होता कि किसी वित्त मंत्री को बजट तैयार करने का मौका तब मिले जब अर्थव्यवस्था में गोल्डीलॉक्स का दौर हो, परी कथाओं की एक ऐसी नायिका का जो हर चीज को ठीक वैसा ही चाहती है जो उसके मनोनुकूल हो।

ताजा आंकड़े खुद ही सब कुछ बताते हैं: जीएसटी को आसान बनाने और त्योहारों पर होने वाले खर्च ने अक्टूबर-नवंबर के दौरान घरेलू मांग को बल दिया। ग्रामीण मांग मजबूत बनी हुई है जबकि शहरी मांग में लगातार सुधार हो रहा है। निवेश की गतिविधि अच्छी बनी हुई है। निजी अंतिम उपभोक्ता खर्च (पीएफसीई) 2025-26 की दूसरी तिमाही में 7.9 प्रतिशत बढ़ा, जबकि 2025-26 की पहली तिमाही में यह 7.0 प्रतिशत था। सकल अचल पूंजी का सृजन (जीएफसीएफ) भी 2025-26 की दूसरी तिमाही में 7.3प्रतिशत पर मजबूत बना रहा। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता था। भारत के एक के बाद एक वित्त मंत्री और आर्थिक प्रशासकों के लिए सबसे बड़ी चिंताओं में से एक कीमतों की स्थिति रही है। बेकाबू कीमतों ने वित्त मंत्रियों को अपने बजट तैयार करते समय परेशान किया था। महंगाई की रणनीति ने ही उनकी दक्षता और मेहनत को खत्म कर दिया।

आर्थिक विकास की रफ्तार बनाए रखने के लिए तीन खास क्षेत्रों पर असरदार तरीके से काम करने की जरूरत है। पहला, घरेलू मांग को बढ़ावा देना और उसे बनाए रखना। दूसरा, वैश्विक अर्थव्यवस्था में मौजूदा उथल-पुथल को देखते हुए, जिसमें कई मुक्त व्यापार समझौते हो रहे हैं, वित्त मंत्री और वाणिज्य मंत्री को कस्टम ड्यूटी के ढांचे को सही बनाने और सुधारने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। तीसरा, कई प्रोत्साहनों के बावजूद, उद्योग और अर्थव्यवस्था के मूलभूत क्षेत्र (कोर सेक्टर) सुस्त साबित हो रहे हैं। पूरी अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ने के लिए भारत के उद्योग क्षेत्र को दो अंकों के विकास दर के करीब होना चाहिए। इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। आइए इन पर थोड़ा विस्तार से बात करते हैं। अब, महंगाई कोई सिरदर्द नहीं रही – महंगाई के मौजूदा रास्ते एक बहुत बड़ा मौका देते हैं। अक्टूबर 2024 में शीर्ष पर जाने के बाद से, महंगाई में गिरावट आई है। पिछले कुछ महीनों से, यह रिजर्व बैंक के सह्य सीमा 4प्रतिशत से कुछ नीचे है। महंगाई में गिरावट के इस माहौल में, वित्त मंत्री खर्च बढ़ा सकती हैं। वह मांग बढ़ाने के लिए कई बड़ी परियोजनाएं शुरू कर सकती हैं। वह ज्यादा निवेश को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से कम ब्याज दर की उम्मीद कर सकती हैं। असल में, अपने कैबिनेट साथी, नितिन गडकरी के साथ मिलकर, वित्त मंत्री, निर्मला सीतारमण, ज्यादा बड़ी रोड बनाने का काम भी शुरू कर सकती हैं।

# छोटे किसान भी लगा रहे हैं फलों के बगीचे

**भारत डोगरा**

**कुछ** किसान प्राकृतिक खेती केन्द्र स्थापित कर गोबर व गोमूत्र आधारित खाद व बचाव के प्राकृतिक उत्पाद भी प्राप्त करवाते हैं जिससे प्राकृतिक पद्धति अपनाने की संभावनाएं और बढ़ रही हैं। जहां एक ओर इन छोटे-छोटे बगीचों से किसानों की आय बढ़ रही है वहां उनके परिवारों के पोषण में भी सुधार हो रहा है। साधारण ग्रामीण परिवार के पोषण में फल प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हो जाएं तो यह पोषण के लिए बहुत सुखद है।

सामान्यतः फलों के बगीचों को अधिक साधन-संपन्न किसानों व अपेक्षाकृत बड़े भू-स्वामियों से जोड़ा जाता है, अतः यह प्रसन्नता का विषय है कि अनेक बहुत छोटे किसान भी सफलतापूर्वक फलों के बगीचे लगा रहे हैं और उनसे अच्छी उपज व आय प्राप्त कर रहें हैं। तिस पर सोने पर सुहागा यह है कि यह प्रयास प्राकृतिक बागवानी के अनुरूप हो रहा है व इसमें रासायनिक खाद व कीटनाशक खादों का उपयोग नहीं हो रहा है और इस तरह स्वास्थ्य की दृष्टि से अच्छी गुणवत्ता के फल उपलब्ध हो रहे हैं।



छोटे किसानों की बागवानी के इस प्रयास को आगे ले जा रही है- सृजन संस्था। यह प्रयास आज मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश व राजस्थान के अनेक गांवों में अच्छी प्रगति कर रहे हैं जबकि अनेक अन्य गांवों में यह अभी आरंभिक स्थिति में हैं।

छोटे किसानों के लिए फल का बगीचा लगाने में एक कठिनाई यह है कि फल आने में कुछ वर्ष लगते हैं जबकि छोटे किसान की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं होती है कि वह इतना इंतजार कर सकें। इस समस्या का व्यवहारिक समाधान भी छोटे किसानों और विशेषकर महिला किसानों ने सृजन की सहायता से खोज लिया है। यह समाधान यह है कि आरंभिक वर्षों में बगीचे में फल के पौधों के साथ ऐसी फसलें, विशेषकर वायुमंडल से नाईट्रोजन प्राप्त करने वाली दलहन फसलें लगा ली जाएं जो धरती से अधिक पोषक तत्व न खींचें। अपनी मेहनत और निष्ठा से कुछ गांवों में अच्छी-खासी आमदनी ऐसी सहायक फसल से भी प्राप्त की गई हैं।

उमरीखुर्द गांव (जिला शिवपुरी, मध्य प्रदेश) में राजकुमारी ने बताया कि अमरूद के पौधों के साथ उन्होंने मटर बो दिए। इस तरह जहां घर में खाने-पकाने के लिए भरपूर व अच्छी गुणवत्ता के मटर प्राप्त हुए, वहां 5000 रुपए नकद भी मटर की बिक्री से प्राप्त किए। रचना ने इस तरह 3500 रुपए की नकद आमदनी प्राप्त की।

दूसरी ओर इसी जिले के सिरसौद गांव में रश्मि लोधी के बगीचे में भरपूर अमरूद लग चुके हैं। उन्होंने इसके साथ कुछ नींबू व कटहल के पेड़ भी लगा दिए हैं। हालांकि इस प्रयास में सबसे अधिक अमरूद के पेड़ लगाए गए हैं, पर अनेक बगीचों में इनके साथ नींबू, कटहल, पपीते, आम आदि के पेड़ भी हैं और किसान चाहते भी हैं कि चाहे मुख्य फसल अमरूद हो, पर कुछ अन्य फल के पेड़ भी लगाए जाएं।

बादामी का अमरूद का बगीचा अभी छोटा सा है व उसके पास साधन भी बहुत कम हैं। इसके बावजूद अपने लहलहाते हुए अमरूद के पेड़ों को देखकर बहुत प्रसन्न नजर आई। उन्होंने बताया, 'थोड़ी सी जगह खाली बची है। मैं सोचती हूं उसमें आम का पौधा लगा लूं। इस बार हमने अमरूद तो बहुत खाए और जो घर में आया या जिनसे मिलने हम गए, उसे भी खिलाया।'

इस प्रयास के पीछे सोच यह है कि चाहे किसी किसान के पास कम भूमि है, पर नियोजित ढंग से वह इसके एक छोटे हिस्से पर फल का बगीचा लगा सकता है व प्राकृतिक खेती पद्धति को अपनाते हुए गोबर व गोमूत्र आधारित खाद व बचाव के उपायों को अपनाते हुए वे कम खर्च पर ही फल का बगीचा पनपा सकते हैं। इससे जहां छोटे किसान परिवारों का पोषण सुधरता है, वहां अनेक किसानों का आर्थिक आधार भी सुधर रहा है।

दिगोरा गांव (जिला टीकमगढ़, मध्य प्रदेश) में फूलाबाई और उसके पति सरमन को पहले अपने एक एकड़ के खेत से जीवन निर्वाह करना कठिन लग रहा था। इस खेत के एक हिस्से में अमरूद के पेड़ लगाने के बाद उनकी आर्थिक स्थिति कहीं बेहतर हो गई है। फूलाबाई ने कहा, 'अब पहले की तरह मुझे कई बार उधार नहीं लेना पड़ता है, अपितु मैं ही किसी की मदद कर देती हूं।' इस परिवार ने अपनी सिंचाई की स्थिति भी सुधार ली है।

इन्होंने बताया कि प्राकृतिक पद्धति से उगाए गए अमरूदों की स्थानीय बाजार में अच्छी मांग है व उचित कीमत भी मिल जाती है।

राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के मीणा आदिवासियों में निर्धनता अधिक पाई गई है। अतः बगीचों के माध्यम से आर्थिक प्रगति की ओर बढ़ना और भी उत्साहवर्धक है। यहां के कल्याणपुरा गांव की एजन व लक्ष्मीबाई जैसी महिलाएं डोल्माश्री नामक महिला किसानों के ऐसे उद्यम से भी जुड़ गई हैं जिसकी योजना अमरूद के विभिन्न उत्पादों की बिक्री की है जिससे इन बगीचों से प्राप्त फलों की बेहतर कीमत मिल सके। इसी तरह के प्रयास अनेक अन्य गांवों में भी आगे बढ़ रहे हैं। हाल के अनुमानों के अनुसार, प्रतापगढ़ जिले के 150 गांवों में इस 'परिवर्तन' नाम के अभियान के अन्तर्गत तीन वर्षों में 140,000 फलों के वृक्ष लगाए गए।

प्राकृतिक पद्धति से लगाए गए इन फलों के बगीचों का एक व्यापक लाभ भी है। इस बगीचे में प्राकृतिक पद्धति का जो प्रयोग होता है उससे उत्साहवर्धक परिणाम मिलने पर अनेक किसान इसके लिए प्रेरित होते हैं कि वे अपने पूरे खेत पर ही प्राकृतिक पद्धति को अपनाएं।

गांव में ही कुछ किसान प्राकृतिक खेती केन्द्र स्थापित कर गोबर व गोमूत्र आधारित खाद व बचाव के प्राकृतिक उत्पाद भी प्राप्त करवाते हैं जिससे प्राकृतिक पद्धति अपनाने की संभावनाएं और बढ़ रही हैं।

जहां एक ओर इन छोटे-छोटे बगीचों से किसानों की आय बढ़ रही है वहां उनके परिवारों के पोषण में भी सुधार हो रहा है। साधारण ग्रामीण परिवार के पोषण में फल प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हो जाएं तो यह पोषण के लिए बहुत सुखद है। तिस पर यह फल प्राकृतिक पद्धति से प्राप्त स्वास्थ्य के लिए अच्छी गुणवत्ता के फल हैं। एक ऐसे समय में जब बाजार में सामान्य तौर पर उपलब्ध फलों की गुणवत्ता के बारे में अनेक शिकायतें मिल रही हैं इस तरह की प्राकृतिक पद्धति के फलों का उत्पादन और भी जरूरी हो गया है। आगे चलकर इन फलों की प्रोसेसिंग से बेहतर गुणवत्ता के अन्य उत्पाद भी प्राप्त हो सकेंगे तो अधिक दूरी के उपभोक्ताओं तक भी पहुंच सकेंगे। इस तरह के प्रयास भी हो रहे हैं। जलवायु बदलाव के समय में खेतों में अधिक पेड़ों को लगाना व मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार करना विशेष तौर पर उपयोगी है साथ में प्राकृतिक पद्धति को अपनाकर खेती में फासिल फ्यूल का बोझ निरंतर कम किया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री के केरल दौरे से भाजपा को ज्यादा राजनीतिक फायदा नहीं हुआ

**पी. श्रीकुमारन**

**कोई** बड़ा ऐलान करने के बजाय, प्रधानमंत्री ने इस मौके का इस्तेमाल एक राजनीतिक भाषण देने के लिए किया, जिसमें उन्होंने वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) दोनों पर हमला बोला। मोदी ने कहा कि अब समय आ गया है कि उन दोनों मोर्चों को हटा दिया जाए जिन्होंने खराब प्रशासन, कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार से राज्य को बर्बाद कर दिया है।

यह दौरा भाजपा के केरल नेतृत्व द्वारा जताई गई बड़ी उम्मीदों से बहुत कम रहा। मोदी आएंगे और केरल के फायदे के लिए बड़े ऐलान करेंगे, जिसमें तिरुवनंतपुरम कॉर्पोरेशन के लिए एक विकास योजना भी शामिल है, जहां पहली बार भाजपा का मेयर है। केरल में भाजपा के शीर्ष नेताओं की यही बड़ी-बड़ी बातें थीं।



ऐसा कुछ नहीं हुआ। राज्य के लिए बहुप्रतीक्षित एम्स पर कोई ऐलान नहीं हुआ। प्रधानमंत्री हाई-स्पीड रेल प्रोजेक्ट पर भी चुप रहे। केंद्र सरकार पर केरल के 5,738 करोड़ रुपये के बकाए पर भी चुप्पी साध ली गई, जो बहुत ज्यादा थी। संक्षेप में कहें तो, यह दौरा राज्य की जनता के लिए निराशाजनक रहा।

कोई बड़ा ऐलान करने के बजाय, प्रधानमंत्री ने इस मौके का इस्तेमाल एक राजनीतिक भाषण देने के लिए किया, जिसमें उन्होंने वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) दोनों पर हमला बोला। मोदी ने कहा कि अब समय आ गया है कि उन दोनों मोर्चों को हटा दिया जाए जिन्होंने खराब प्रशासन, कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार से राज्य को बर्बाद कर दिया है। केरल को अब तेज विकास के लिए डबल-इंजन सरकार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सबरीमाला- एक बयान जो तथ्यात्मक रूप से गलत है - अयप्पा मंदिर में एलडीएफ सरकार के तहत सोने की चोरी हुई थी। 'यह मोदी की गारंटी है कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो इसमें शामिल लोगों को पकड़ा जाएगा और सजा दी जाएगी।' मोदी ने कांग्रेस की भी आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस अब राष्ट्रीय स्तर पर मुस्लिम लीग माओवादी कांग्रेस के नाम से जानी जाती है, और वह केरल में 'अलगाववादी ताकतों' के साथ गठबंधन कर रही है।

यह भाषण उनके ही पिछले बयानों के खिलाफ है कि विकास के मामले में कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। इसका मतलब यह था कि गैर-भाजपा सरकारों को केंद्र से किसी भी बड़ी मदद की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। यह सहकारी संघवाद की अवधारणा के खिलाफ है जबकि भाजपा नेता दिन-रात सहकारी संघवाद का ढोल पीटते रहते हैं। केरल के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए एक छोटा भाषण दिया। उन्होंने इस मौके पर घोषित किए गए चार परियोजनाओं के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री केरल की 'असली मांगों' को भी हरी झंडी देंगे। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री के साथ विनम्रता से बात की। लेकिन बाद में हुई पार्टी मीटिंग में, उन्होंने पिनाराई के नेतृत्व वाली एलडीएफ सरकार की कड़ी आलोचना की।

अपनी तरफ से, माकपा के राज्य सचिव बिनॉय विश्वम ने कहा कि प्रधानमंत्री का दौरा निराशाजनक था। उन्होंने राज्य की किसी भी पुरानी मांग को मानने की परवाह नहीं की। संक्षेप में, यह दौरा एक बड़ी निराशा थी। केरल के जायज अधिकारों पर प्रधानमंत्री या भाजपा नेतृत्व की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। कुल 5783.69 करोड़ रुपये की बकाया राशि लंबे समय से लंबित है। प्रधानमंत्री ने इसका कोई जिक्र नहीं किया। केरल अभी भी उस सौतेले व्यवहार को याद करता है जो राज्य के साथ तब किया गया था जब वायनाड में राज्य के इतिहास की सबसे बड़ी प्राकृतिक आपदाओं में से एक आई थी। तब प्रधानमंत्री वायनाड गए थे, कुछ दिलासा देने वाले शब्द कहे थे। बस इतना ही। कोई खास वित्तीय सहायता की घोषणा नहीं की गई। यह उस तेजी के बिल्कुल उलट था जिससे भाजपा शासित त्रिपुरा और आंध्रप्रदेश को प्राकृतिक आपदाओं के समय कम समय में करोड़ों रुपये दिए गए थे। केरल को विदेशी देशों से फंड प्राप्त करने से मना कर दिया गया था। लेकिन यह नियम भाजपा शासित महाराष्ट्र पर लागू नहीं था, जिसे बड़े पैमाने पर विदेशी सहायता मिली।

मोदी का दौरा भी विवादों से घिरा रहा। उन गणमान्य व्यक्तियों की सूची में, जिन्हें प्रधानमंत्री का स्वागत करना था।

# अजित पवार की मौत: महाराष्ट्र के राजनीतिक समीकरणों को नई चुनौती

**लेखा रत्तनानी**

**अजित** पवार की अचानक मौत ने महाराष्ट्र में राजनीतिक तस्वीर को कई तरह से जटिल बना दिया है। निश्चित रूप से यह सवाल है कि अजित पवार के 41 विधायकों और कई अन्य समर्थकों का गुट उनके निधन पर कैसा रुख अपनाएगा? क्या वे भावनात्मक कारणों से शरद पवार की ओर मुड़ेंगे? उल्लेखनीय है कि सत्ता और भाजपा के साथ नई सीमाओं की तलाश में अजित पवार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) से अलग हो गए थे।

किसी भी हवाई दुर्घटना में शीर्ष राजनेता की अचानक मौत स्वाभाविक रूप से गहरी परेशानी का कारण बनती है और राजनीतिक क्षेत्र में बड़ी अनिश्चितताएं पैदा करती है, खासकर जब राजनेता लादा गया होता है और एक महत्वपूर्ण राज्य में कठिन राजनीतिक गठबंधन में असहज रूप से रखा जाता है। महाराष्ट्र की यह व्यापक तस्वीर इस सप्ताह बारामती में विमान दुर्घटना में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के एक गुट के प्रमुख अजित पवार की मौत के बाद की है। बारामती उनके चाचा और वरिष्ठ नेता शरद पवार का गृह मैदान है। दुर्घटना की परिस्थितियों पर अनेक अटकलें हैं लेकिन अनुमानों और त्वरित निष्कर्षों का शिकार न होना सबसे अच्छा है। जांच को अपना काम करने की अनुमति दी जानी चाहिए और उनके तार्किक निष्कर्ष पर विचार किया जाना चाहिए।



परिचालन के आधार पर यह कहा जा सकता है कि भविष्य में ऐसे हादसों के जोखिम को कम करने के लिए निजी और छोटे विमानों को कुछ और विस्तृत जांच से गुजरना होगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि विमान में सवार वीवीआईपी द्वारा अपने शेड्यूल के लिए जोर देने का जोखिम हमेशा होता है। दबाव की इस प्रक्रिया में कुछ सुरक्षा मानदंडों या परिचालन प्रक्रियाओं की अनदेखी हो सकती है। कहना न होगा कि यह अनदेखी वीवीआईपी को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा सकती है। इस संदर्भ में संजय गांधी, माधवराव सिंधिया, वाईएस राजशेखर रेड्डी, लोकसभा अध्यक्ष जीएमसी बालयोगी और जनरल बिपिन रावत की मौत के घटनाक्रम याद आ जाते हैं। बताया जाता है कि कैसे एक बार लालू प्रसाद यादव का विमान जीपों की हेड-लाइट से जगमगा रही हवाई पट्टी पर उतरा-तब कोई अप्रिय घटना नहीं हुई लेकिन इन उल्लंघनों को गंभीर माना जाना चाहिए। जब अजित पवार का विमान बारामती में लैंडिंग स्ट्रिप के पास पहुंचा तो हम उस समय के मौसम की सटीक स्थिति के बारे में नहीं जानते। यह हवाई अड्डा एक पूर्ण या अच्छी तरह से सुसज्जित नहीं है। अभी तक यही मालूम है कि 28 जनवरी की उस दुर्भाग्यपूर्ण सुबह दृश्यता कम थी। सभी पक्षों की जांच की जानी चाहिए जिसमें यह भी शामिल होना चाहिए कि क्या दुर्भाग्यपूर्ण लियरजेट 45 के फ्लाइट क्रू को उड़ान को उतारने या डायवर्ट करने के बारे में सही और समय पर मौसम डेटा और सहवर्ती सलाह दी गई थी। अजित पवार की अचानक मौत ने महाराष्ट्र में राजनीतिक तस्वीर को कई तरह से जटिल बना दिया है। निश्चित रूप से यह सवाल है कि अजित पवार के 41 विधायकों और कई अन्य समर्थकों का गुट उनके निधन पर कैसा रुख अपनाएगा? क्या वे भावनात्मक कारणों से शरद पवार की ओर मुड़ेंगे? उल्लेखनीय है कि सत्ता और भाजपा के साथ नई सीमाओं की तलाश में अजित पवार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) से अलग हो गए थे। भाजपा निश्चित रूप से एनसीपी के समर्थन से सरकार चलाना चाहेगी लेकिन अटकलें ये थीं कि अजित पवार अपने चाचा शरद पवार के पाले में शामिल होने वाले थे। अगर अजित गुट किसी भी कारण से नहीं आ रहा है तो इस समर्थन को जीतने के क्या निहितार्थ होंगे? अजित पवार की राजनीति पर कोई टिप्पणी किए बिना यह देखना होगा कि वे हाल के महीनों में कुछ मायनों में उल्टा खेल रहे थे। वे कारण जिन्होंने अजित पवार को अपने चाचा से संबंध तोड़ने के लिए मजबूर किया था, उन्हें अब वे सुधारने की कोशिश कर रहे थे। ऐसा कहा जाता है कि परिवार के दबाव और घर लौटने की व्यावहारिक जरूरतों की चर्चा पहले से ही हवा में थी। हाल ही में महाराष्ट्र में 29 नगर निकायों के चुनाव हुए तो पवार परिवार ने पुणे और पिंपरी चिंचवाड़ का चुनाव एक साथ लड़ा जिससे दोनों धड़ों के फिर से एकजुट होने की अटकलें तेज हो गईं। पवार परिवार को अपनी राजनीतिक ताकत पुणे और पिंपरी-चिंचवाड़ से मिलती है। पुणे जिला उनका गृह क्षेत्र है। 12 जिला परिषदों और 125 पंचायत समितियों के चुनाव होने हैं। पांच फरवरी को होने वाले इन्हीं चुनावों के प्रचार के लिए अजित पवार बारामती आ रहे थे। बारामती, पुणे शहर से करीब 100 किलोमीटर दूर एक प्रमुख कृषि, औद्योगिक और शैक्षिक केंद्र है और पुणे जिले में आता है।

यह स्पष्ट है कि भाजपा की साजिशों के कारण एनसीपी (और शिवसेना भी) विभाजित हो गई थी, लेकिन इस विभाजन के बाद भी परिवार में अजित पवार के लिए स्नेह और शरद पवार के लिए सम्मान कम नहीं हुआ था। भले ही राजनीतिक वास्तविकताएं कुछ और ही तय करें पर शरद पवार की बेटी और लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले ने परिवार को एकजुट रखने के लिए काम किया। 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद से महाराष्ट्र में सरकार में बदलाव देखा गया है लेकिन इन बदलावों में चुनाव शामिल नहीं थे। 2023 में एनसीपी के एक धड़े को अपने साथ लेकर अलग होने के बाद अजित पवार वापस आ गए। बाद में वे फिर से अलग हो गए। इस बार वे एक विवादास्पद, बेहद संक्षिप्त शपथ ग्रहण विवाद में उलझे थे।

# एनएच-31 पर भीषण हादसा: बालू लदे ट्रक ने अपंग को किया घायल, हालत गंभीर, चालक-क्लीनर फरार

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जनपद** के थाना कोतवाली मुहम्मदाबाद क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर रविवार की दोपहर एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक अपंग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक और क्लीनर वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार, बालू से लदा ट्रक (संख्याः यूपी 54 टी 7563) भरौली से मुहम्मदाबाद की ओर जा रहा था। दोपहर करीब 1:30 बजे जैसे ही ट्रक प्रह्लादपुर गांव के समीप पहुंचा,



उसी दौरान शेरपुर कलां निवासी दो युवक मोटरसाइकिल से मुहम्मदाबाद की ओर जा रहे थे। आगे निकलने के प्रयास में मोटरसाइकिल ट्रक की चपेट में आ गई। हादसे में मोटरसाइकिल के पीछे बैठे शम्भू खरवार (40 वर्ष), पुत्र दयाशंकर खरवार, गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताया गया कि शम्भू पहले से ही अपंग हैं। दुर्घटना में उनके कमर के नीचे का हिस्सा बुरी तरह कुचल गया, जिससे उनकी स्थिति अत्यंत नाजुक बनी हुई है।

घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार होने लगा, लेकिन मोटरसाइकिल चला रहे युवक ने साहस का परिचय देते हुए ट्रक का पीछा किया और सुरतापुर के पास उसे रोक लिया। स्थिति बिगड़ती देख चालक और क्लीनर ट्रक छोड़कर मौके से भाग निकले।

स्थानीय लोगों की सहायता से घायल को तत्काल मुहम्मदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को कब्जे में ले लिया। समाचार लिखे जाने तक फरार चालक और क्लीनर के संबंध में कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी थी।

# वायरल वीडियो ने खोली पोल, अवैध खनन से त्रस्त चित्रकूट के किसान फिर सड़क पर

- खनन माफिया बनाम किसान
- खनिज माफिया की रफ्तार, किसानों की बबार्दी



ग्रामीणों के साथ धरने स्थल पर मौजूद खनिज विभाग के कर्मचारी

**चित्रकूट।** सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो ने चित्रकूट में अवैध खनन और ओवरलोडिंग की जमीनी हकीकत को नंगा कर दिया है। वीडियो में धरने पर बैठे पीड़ित किसान अधिकारियों से दो टूक कहते नजर आ रहे हैं-एक बार मौके पर आकर हमारी हालत देख लीजिए, हम किन-किन ग्रामीण परेशानियों से जूझ रहे हैं। यह कोई भावनात्मक अपील नहीं, बल्कि सिस्टम की अनदेखी पर करारा सवाल है। अवैध खनन और ओवरलोडिंग से त्रस्त किसान दूसरे दिन भी ग्राम चांदी धुमाई में शिवन बाबा के पास धरने पर डटे रहे। राजापुर और मऊ तहसील में बेलगाम खनन ने किसानों की फसलों को तबाही के कगार पर पहुंचा दिया है। ओवरलोड ट्रकों की आवाजाही से खेत धूल की मोटी चादर में ढक गए हैं, जिससे पैदावार प्रभावित हो रही है, वहीं रास्ते में स्थित खुले विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को भी प्रदूषण का दंश झेलना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनिज विभाग की मिलीभगत से खनिज माफिया मानकों को ताक पर रखकर खेती-किसानी को रौंद रहा है। तीर धुमाई गंगू के खंड संख्या-4 में ठेकेदार पर तय सीमा से अधिक खनन का आरोप लगाया गया है। ग्रामीण इससे पहले 29 दिसंबर को कर्वी तहसील मुख्यालय पर धरना दे चुके हैं, जिसे अधिकारियों के आश्वासन पर खत्म किया गया था। अब दूसरे दिन भी जारी धरने को लेकर राजापुर एसडीएम और खनिज इंस्पेक्टर किसानों को समझाने पहुंचे, लेकिन सवाल वही है- क्या इस बार कार्रवाई होगी या आश्वासन फिर हवा में उड़ जाएंगे?

## निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने दावे और आपत्तियों की सूची साझा कर राजनीतिक सहयोग मांगा

**चित्रकूट।** चित्रकूट और मानिकपुर विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की प्रक्रिया में राजनीतिक दलों को सक्रिय रूप से जोड़ा गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र के निदेर्शानुसार, निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने 02 फरवरी को राष्ट्रीय एवं राज्यीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की। इस बैठक में पिछले सप्ताह प्राप्त दावे और आपत्तियों की साप्ताहिक सूची साझा की गई और सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया गया। बैठक के दौरान राजनीतिक दलों ने मतदाता नामावलियों की पारदर्शिता सुनिश्चित करने और संभावित विवादों को कम करने पर जोर दिया। अधिकारियों ने बैठक की कार्यवृत्त और फोटोग्राफ्स भी संलग्न किए। इस पहल से मतदाता सूची में सुधार और सही जानकारी का संकलन सुनिश्चित होने की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे आगामी विधानसभा चुनावों में जनप्रतिनिधि चयन की प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष बनेगी।

# 43 करोड़ के कोषागार घोटाले में निर्दोषों को फंसाने की रची जा रही मीडिया ट्रायल की कुटिल साजिश

जांच नाकाम, अफवाह कामयाब?, कटघरे मे मीडिया

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले में सामने आए 43 करोड़ रुपये के कोषागार घोटाले ने अब केवल आर्थिक अनियमितता का ही नहीं, बल्कि सिस्टम की विफलता, अफवाहों की फैक्ट्री और मीडिया ट्रायल का भी भयावह चेहरा उजागर कर दिया है। इस घोटाले में जहां जिम्मेदार अधिकारी आज तक ठोस कार्रवाई और निष्पक्ष जांच की दिशा तय करने में नाकाम नजर आ रहे हैं? वहीं एक अजीब और खतरनाक पैटर्न उभरकर सामने आया है। आरोपियों तक पहुंचने के बजाय उनके निर्दोष रिश्तेदारों को योजनाबद्ध तरीके से निशाने पर लिया जा रहा है। इससे भी ज्यादा चिंताजनक तथ्य यह है कि कुछ समाचार पत्रों में जानबूझकर ऐसे लोगों के खिलाफ खबरें प्रकाशित कराई जा रही हैं, जिन पर न तो किसी जांच एजेंसी ने आरोप लगाया है और न ही उनके खिलाफ कोई कानूनी प्रक्रिया शुरू हुई है। कहीं बिना किसी दस्तावेजी आधार के किसी को फरार घोषित किया जा रहा है, तो कहीं यह मनगढ़ंत कहानी गढ़ी जा रही है कि किसी आरोपी ने जेल से ही अपनी मां को बचाने के लिए शपथपत्र दे दिया। सवाल है कि जो व्यक्ति न्यायिक हिरासत में है, वह किस कानूनी प्रावधान के तहत शपथपत्र देगा, और अगर दिया भी गया तो क्या वह विधि सम्मत माना जाएगा? यह पूरा नैरेटिव न सिर्फ कानून की बुनियादी समझ पर सवाल खड़े करता है, बल्कि संविधान के उस सिद्धांत की खुली अवहेलना भी है, जिसके अनुसार आरोप सिद्ध होने तक हर व्यक्ति निर्दोष माना जाता है। यहां तो न आरोप हैं, न साक्ष्य- सिर्फ अफवाहें हैं, जिन्हें खबर का जामा पहनाकर परोसा जा रहा है। असली दोषियों पर कार्रवाई की जगह निदोर्षों को अपराधी साबित करने की कोशिशें हो रही हैं। इस पूरे खेल में सबसे ज्यादा नुकसान उन मीडियाकर्मियों का हो रहा है, जो बिना तथ्यात्मक पुष्टि और कानूनी समझ के किसी के भी इशारे पर कुछ भी छापने को मजबूर हो रहे हैं, और अनजाने में सच नहीं बल्कि साजिश का हिस्सा बनते जा रहे हैं।

### मीडिया कर्मियों पर मुकदमे की चेतावनी

इस संदर्भ में कोषागार घोटाले से जुड़े आरोपियों ने अपने खिलाफ चलाई जा रही कथित फर्जी और भ्रामक खबरों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। आरोपियों की ओर से उनके अधिवक्ता क्रांति किरण पाडेय ने बताया कि संबंधित मीडियाकर्मियों को विधिक नोटिस भेजकर स्पष्ट किया जाएगा कि बिना तथ्यों और आधिकारिक पुष्टि के प्रकाशित की गई खबरें न केवल उनकी छवि धूमिल कर रही हैं, बल्कि कानून का भी उल्लंघन हैं। चेतावनी दी है कि ऐसे मीडियाकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर यह जांच कराई जाएगी कि भ्रामक समाचार किसके इशारे पर और किन आधारों पर प्रकाशित किए गए। आवश्यक होने पर कठोर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

## बरिहा कुम्हड़ा बनेगा कमाई का हथियार, 35 महिलाएं सीख रहीं पेठा बनाने की कला



अब आगरा नहीं, सतना का पेठा बोलेगा

**चित्रकूट।** मझगवां स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में सोमवार को दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित वीरशिरोमणि रानी दुर्गावती एफपीओ की 35 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठा। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध बरिहा कुम्हड़ा से पेठा निर्माण का प्रायोगिक प्रशिक्षण देकर महिलाओं को रोजगार से जोड़ने की ठोस पहल की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, दीनदयाल व नाना के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अखिलेश जागरे ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद एफपीओ स्तर पर पेठा निर्माण शुरू कर महिलाएं नियमित आय अर्जित कर सकती हैं। एफपीओ प्रभारी डॉ पंकज शर्मा ने संगठन से जुड़ने के लाभ बताए, वहीं खाद्य प्रसंस्करण वैज्ञानिक डॉ हेमराज द्विवेदी ने कहा कि पेठा सिर्फ आगरा तक सीमित नहीं, सतना इससे बेहतर पहचान बना सकता है। वैज्ञानिक विधि से पूरे दिन प्रशिक्षण दिया गया।

# कक्षा से करियर तक- राष्ट्रीय आविष्कार अभियान बना उड़ान का मंच, 100 छात्रों ने देखा भविष्य

- किताबों से बाहर निकला ज्ञान
- एनटीपीसी से पॉलिटेक्निक तक की यात्रा



एक्सपोजर विजित में मौजूद शिक्षक

**रामनगर/चित्रकूट।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विकासखंड रामनगर के मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए ज्ञान, जिज्ञासा और विज्ञान का अनूठा संगम देखने को मिला, जब ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 100 छात्र-छात्राओं को 02 फरवरी को एक्सपोजर विजिट पर ले जाया गया। महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक उत्तर प्रदेश तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चित्रकूट के निदेर्शानुसार आयोजित इस शैक्षणिक भ्रमण में बच्चों ने एनटीपीसी बारा प्रयागराज, राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ एवं राजकीय आईटीआई बरगढ़ का भ्रमण किया। खंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना, औद्योगिक इकाइयों की कार्यप्रणाली से परिचित कराना तथा उनकी वैज्ञानिक जिज्ञासा को व्यावहारिक अनुभव के माध्यम से संतुष्ट करना है। भ्रमण के दौरान छात्रों ने राजकीय पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई बरगढ़ में विभिन्न तकनीकी व औद्योगिक ट्रेडों की जानकारी हासिल की, वहीं एनटीपीसी बारा में कोयले से बिजली उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया, आधुनिक उपकरणों और विशाल संयंत्र को करीब से देखा। इस प्रेरक यात्रा में शिक्षक संघ के पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक भी उपस्थित रहे। खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को निर्देशित किया कि वे प्राप्त जानकारी को नोटबुक में संकलित कर विद्यालय लौटकर उस पर संक्षिप्त लेख प्रस्तुत करें।



### एक्सपोजर विजिट से बढ़ा ज्ञान, मऊ-रामनगर की संयुक्त शैक्षिक पहल

बीआरसी मऊ से ब्लॉक मऊ और रामनगर की संयुक्त टीम एक्सपोजर विजिट के लिए सुबह 9 बजे रवाना हुई। टीम ने सबसे पहले परानु बाबा में दर्शन किए, इसके बाद राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान बरगढ़ एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरगढ़ का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण उपरांत बच्चों को विधिवत भोजन कराया गया। इसके बाद प्रयागराज पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड (एनटीपीसी) में अधिकारियों द्वारा ऊर्जा उत्पादन और उसके महत्व पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर खंड शिक्षाधिकारी मऊ कृष्ण दत्त पांडेय एवं खंड शिक्षाधिकारी रामनगर नागेश्वर प्रताप सिंह उपस्थित रहे। साथ ही उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय व वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आलोक गर्ग की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में एआरपी व अनेक शिक्षक साथी शामिल रहे।

# होलिका की जमीन पर प्रशासनिक दखल, कर्वी माफी के ग्रामीणों का तहसील में हल्लाबोल

- आस्था पर अफसरशाही का वार?
- होलिका की जमीन पर सियासत?
- होलिका बहिष्कार की चेतावनी



तहसील में एसडीएम को ज्ञापन सौपते ग्रामीण

**चित्रकूट।** कर्वी माफी गांव में होलिका स्थल को लेकर उपजा विवाद अब प्रशासनिक दहलीज से निकलकर सामाजिक आस्था और परंपरा के टकराव का मुद्दा बन गया है। सोमवार को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बद्री सिंह पटेल के नेतृत्व में डेढ़ दर्जन से अधिक ग्रामीण तहसील पहुंचे और उप जिलाधिकारी सदर पूजा साहू से भेंट कर लिखित शिकायत सौंपी। ग्रामीणों का आरोप है कि तहसीलदार जानबूझकर कर्वी माफी की परंपरागत होलिका भूमि पर दूसरे गांव के व्यक्ति का मकान बनवाने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि यह जमीन ग्राम पंचायत की एकमात्र सार्वजनिक भूमि है। इसी जमीन पर भविष्य में बारातघर का प्रस्ताव भी है और वर्षों से यहीं होलिका दहन की परंपरा निभाई जाती रही है। ग्रामीणों ने बताया कि रविवार को नायब तहसीलदार द्वारा जबरन उसी परंपरागत स्थान से होलिका का डांड हटवाकर दूसरी जगह गड़वा दिया गया, जिससे गांव में आक्रोश फैल गया। लोगों का कहना है कि यह केवल जमीन का नहीं, बल्कि उनकी आस्था, परंपरा और सामूहिक सम्मान का सवाल है। एसडीएम को पूरी स्थिति से अवगत कराते हुए ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच और तत्काल हस्तक्षेप की मांग की, जिस पर एसडीएम ने समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इधर, इस प्रकरण में बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि जबरदस्ती जारी रही तो ग्रामीण होलिका का बहिष्कार करेंगे। कहा कि यह फैसला मजबूरी में लिया जाएगा और न्याय के लिए ग्रामीण हर चौखट तक जाएंगे। जरूरत पड़ी तो बुंदेली सेना ग्रामीणों के साथ लखनऊ जाकर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्रियों से भेंट कर इस मुद्दे को उठाएगी। इस दौरान राजकुमार सिंह, विष्णु सिंह, रामचंद्र कुरील, सोनू रैकवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## ग्रामोदय विश्व विद्यालय के दूरवर्ती पाठ्यक्रमों में प्रवेश आवेदन तिथि बढ़ी

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के दूरवर्ती अध्ययन एवं सतत शिक्षा केन्द्र द्वारा संचालित दूरवर्ती पाठ्यक्रमों में प्रवेश आवेदन की तिथि बढ़ाकर 28 फरवरी तक कर दी गई है। इस आशय की जारी सूचना में सहायक कुलसचिव संतोष राजपूत ने बताया गया है कि सत्र 2025-26, द्वितीय चक्र (जनवरी-दिसम्बर) में संचालित दूरवर्ती पाठ्यक्रमों में एमपी ऑनलाईन के माध्यम से प्रवेश लेने की अंतिम तिथि को विस्तारित कर 28 फरवरी 2026 तक कर दिया गया है। इसी श्रृंखला में दूरवर्ती पाठ्यक्रमों के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के शिक्षार्थियों द्वारा एमपी ऑनलाईन के माध्यम से पाठ्यक्रम/ परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि को भी विस्तारित कर 28 फरवरी कर दिया गया है।

# जिले में न्यायिक तैयारी तेज, आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर अफसरों ने की बैठक

14 मार्च की लोक अदालत

अखंड भारत संदेश




आगामी लोक अदालत की तैयारियों की बैठक लेते अधिकारीगण

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय लोक अदालत को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने की दिशा में चित्रकूट में न्यायिक और प्रशासनिक मशीनरी पूरी तरह सक्रिय हो गई है। 02 फरवरी को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वावधान में 14 मार्च को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर प्रथम चरण की अहम बैठक जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष शेषमणि शुक्ला की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इला चौधरी ने बताया कि माननीय अध्यक्ष ने अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर लोक अदालत के माध्यम से त्वरित, सुलभ और सौहार्दपूर्ण निस्तारण पर विशेष बल दिया है। लोक अदालत में विविध प्रकार के तथा प्री-लिटिगेशन मामलों के निस्तारण की योजना है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विभागीय मामलों में पक्षकारों को कम से कम दो बार नोटिस देकर अधिकाधिक प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित करें। साथ ही 22 फरवरी को प्रस्तावित मेगा विधिक सहायता शिविर की तैयारियों पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

## पत्नी की हत्या के बाद बेटी पर दरिंदगी- चित्रकूट में सरकारी कर्मचारी की काली करतूत

- जमानत की आड़ में हैवानियत
- मानवता हुई शर्मसार

**चित्रकूट।** जिले में रिश्तों की मयार्दा को तार-तार कर देने वाला एक रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला सामने आया है। पत्नी की हत्या के आरोप में जेल जा चुका एक सरकारी कर्मचारी जमानत पर छूटते ही अपनी ही नाबालिग बेटी से दुष्कर्म का आरोपी बन गया। रविवार को नाबालिग छात्रा अपने चाचा और अन्य परिजनों के साथ कर्वी कोतवाली पहुंची, जहां थाने में फूट-फूटकर रोते हुए उसने अपने पिता की हैवानियत की आपबीती सुनाई। बच्ची के आरोप सुनकर पुलिसकर्मी भी सन्न रह गए, लेकिन परिजनों की पुष्टि के बाद गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पीड़िता ने बताया कि करीब ढाई वर्ष पहले भी उसके पिता ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया था। इस बात की जानकारी जब उसने अपनी मां को दी तो आरोपी पिता तिलमिला उठा और भरतकूप थाना क्षेत्र में लाइसेंसी पिस्टल से पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। उस दौरान बच्ची को भी जान से मारने की धमकी दी गई थी। वर्ष 2023 में दर्ज इस हत्या के मामले में आरोपी जेल गया था और हाल ही में हाईकोर्ट से जमानत पर बाहर आया। जमानत के बाद उसने फिर वही दरिंदगी दोहराई। एसपी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मामला नाबालिग से जुड़ा होने के कारण संवेदनशील है और सभी साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच की जा रही है।

# लोढवारा आवास योजना की खुली पोल, एडीएम निरीक्षण में उजड़ी व्यवस्था सामने

- कांशीराम कॉलोनी में प्रशासन का डंडा
- अवैध कब्जों और बदहाली का आलम



कांशीराम कॉलोनी में निरीक्षण पर मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** दिनांक 02 फरवरी को जिलाधिकारी चित्रकूट पुलकित गर्ग के स्पष्ट निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अरुण कुमार यादव ने लोढवारा स्थित कांशीराम शहरी गरीब आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवासों का सघन स्थलीय निरीक्षण कर प्रशासनिक सख्ती का संदेश दिया। वर्ष 2009-10 में आवंटित 84 ब्लॉकों में बने लगभग 1000 आवासों की जमीनी हकीकत सामने आई, जहां कुछ घरों में वास्तविक लाभार्थी रह रहे हैं तो कई आवासों पर अवैध कब्जा और कई पर ताले जड़े मिले। इस पर एडीएम ने डूडा, नगर पालिका परिषद और आवास एवं विकास परिषद के अधिकारियों को चार दिनों के भीतर स्थलीय सत्यापन कर लाभार्थियों व अवैध कब्जाधारकों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान झुके विद्युत पोल और खराब ट्रांसफार्मर पाए गए, जिन्हें तत्काल दुरुस्त कराने के आदेश विद्युत विभाग को दिए गए। पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए ओवरहेड टैंक की सफाई के निर्देश जल संस्थान को दिए गए, वहीं कांशीराम कॉलोनी में नियमित सफाई, सफाईकर्मियों की संख्या बढ़ाने और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश नगर पालिका को मिले। साथ ही नालियों व सड़कों की मरम्मत हेतु आगणन तैयार करने के आदेश देकर प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया कि गरीबों के आशियानों में लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी व अभियंता मौजूद रहे।

## बरगढ़ के आयुष हत्याकांड में सीएम योगी का बड़ा फैसला, आर्थिक मदद घोषित

**चित्रकूट।** बरगढ़ के बहुचर्चित आयुष हत्याकांड में आखिरकार पीड़ित परिवार को सरकार की ओर से क्षणिक राहत मिली है। इस दर्दनाक घटना में महज 13 वर्षीय मासूम आयुष का अपहरण कर बेरहमी से कत्ल कर दिया गया था, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। बेटे को खोने का असहनीय दर्द झेल रहे परिजनों ने मंत्री नंदी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस मामले में न्याय और सहायता की गुहार लगाई थी। परिजनों की पीड़ा और घटना की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संवेदनशील रुख अपनाते हुए आयुष के परिवार को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। आयुष की हत्या ने कानून-व्यवस्था पर भी कई सवाल खड़े किए थे, जिसके बाद प्रशासन पर कार्रवाई का दबाव बढ़ा। मुख्यमंत्री की घोषणा से जहां एक ओर परिजनों को आर्थिक संबल मिलेगा, वहीं दूसरी ओर यह संदेश भी गया है कि प्रदेश सरकार मासूमों के खिलाफ अपराध को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। पीड़ित परिवार को यह चेक मंत्री नंदी अपने आगामी बरगढ दौरे मे देगें। वहीं वीडित परिवार ने उम्मीद जताई है कि दोषियों को जल्द से जल्द कठोर सजा दिलाई जाएगी, ताकि आयुष को सच्चा न्याय मिल सके।

# मोदी को अचानक फोन कर वेनेजुएला की राष्ट्रपति ने क्या कहा? अमेरिका हुआ चौकन्ना



**वेनेजुएला**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति से फोन पर बातचीत की है। खुद प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट पर इस बात की जानकारी दी है। इसके बाद वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति ने भी पोस्ट शेयर करते हुए पीएम मोदी का धन्यवाद किया। ऐसे में भारत और वेनेजुएला के बीच हुई इस फोन कॉल ने इस वक्त जबरदस्त तहलका मचा दिया है। खास करके वाशिंगटन की नजरें इस पूरी बातचीत पर ठहर गई है। मगर भारत ने अपने इस कदम से एक कड़ा संदेश दुनिया को देने की कोशिश भी की है। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पूरे मामले पर अब तक खामोश थे। भारत के विदेश मंत्रालय की तरफ से वेनेजुएला और अमेरिका तनाव पर लगातार बयान दिए जा रहे थे। लेकिन ऐसा पहली बार हुआ है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सीधे तौर पर इस पूरे मामले पर अब एंट्री हो गई है और वेनेजुला की कार्यवाहक राष्ट्रपति से प्रधानमंत्री मोदी ने फोन पर बातचीत की है और यह बातचीत इसलिए भी अहम मानी जा रही है।

अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर और टेरिफ के मसले पर भारत और अमेरिका के बीच लगातार तनातनी और दूसरी तरफ अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वेनेजुला की कार्यवाहक राष्ट्रपति से फोन पर बातचीत भी कर कर ली है। यानी कि जो दोनों तरफ से एक संघर्ष बना हुआ है, उसी दौरान यह बातचीत हुई है और इसीलिए ही यह बहुत अहम मानी जा रही है। पीएम मोदी ने आपको बता दें कि यह बातचीत जो की है उसके बाद से अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के लिए यह एक कड़ा संदेश माना जा रहा है। बता दें कि पीएम मोदी ने कहा है कि मैंने वेनेजुला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेलसी रोडगेज से फोन पर बातचीत की है। हम सभी क्षेत्रों में अपनी द्विपक्षीय साझेदारी को और भी गहरा और व्यापक बनाने पर सहमत हुए हैं ताकि आने वाले वर्षों में भारत वेनेजुएला संबंधों को नई ऊंचाइयों पर लिया जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत की है। वहीं इस पूरे मसले पर अब वेनेजुला की कार्यवाहक राष्ट्रपति का भी बयान सामने आ गया है। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री और भारत के लोगों को धन्यवाद किया है। वेनेजुला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेलसी रगेज ने अपने बयान में यह कहा कि भारत के प्रधानमंत्री मोदी के साथ मेरी भाईचारे वाली टेलीफोन पर बातचीत हुई है। जो गहरे इंसान और आध्यात्मिक जुड़ाव की यह बातचीत रही है जिसमें हम सभी क्षेत्रों में अपनी आपसी साझेदारी को गहरा करने और बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। मैंने भारत सरकार और भारत के लोगों द्वारा हमारे देश के प्रति दिखाई गई एकजुटता के लिए अपना आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने वेनेजुएला के लोगों की शांति, संप्रभुता और स्वतंत्रता की रक्षा के उसमें अपना साथ खड़े होने की इच्छा भी फिर से दोहराई है। हमने बता दें कि यहां पे एनर्जी, एग्रीकल्चर, साइंस और टेक्नोलॉजी, फार्मासटिकल्स, इंडस्ट्रीज, माइनिंग, ऑटोमोटिव सेक्टर्स और टूरिज्म के स्ट्रेटेजिक कोपरेशन पर चर्चा की है और साल 2026 में अपने रिश्तों को फिर से शुरू करने के लिए कॉमन रोड मैप के साथ आगे बढ़ने पर सहमत हुए हैं।

## सुनहरे दरवाजे से निकले पुतिन, पूरी कैबिनेट लेकर मोदी से मिलने आए शख्स से मिलाया हाथ



**मॉस्को**

**मॉस्को** में ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस का यह मशहूर सुनहरा दरवाजा खुला और रूस के राष्ट्रपति व्लादमीर पुतिन इस दरवाजे से एक विशाल हॉल में दाखिल हुए। इस हॉल में पुतिन उस शख्स से मिले जिसने कुछ दिन पहले ही पीएम मोदी से मुलाकात की थी। जानकारी के लिए बता दें कि ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस पुतिन का ऑफिशियल रेजिडेंस है और इसी पैलेस में लगे इन सुनहरे दरवाजों से एक बार पुतिन पीएम मोदी के साथ भी निकले थे। बहरहाल 29 जनवरी को पुतिन ग्रैंड क्रमन पैलेस के इसी हॉल में संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहियान से मिले। दिलचस्प बात यह है कि 10 दिन पहले ही अल नाहियान अपनी पूरी कैबिनेट के साथ पीएम मोदी से भी मिलने पहुंचे थे।

ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या संयुक्त अरब अमीरात किसी बड़े संकट में है? क्यों संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति पहले पीएम मोदी से मिले और उसके बाद राष्ट्रपति पुतिन से। ऐसा क्या संकट है कि अपने देश को बचाने के लिए राष्ट्रपति नाहियान लगातार विदेशी दौरे कर रहे हैं। संयुक्त अरब अमीरात क्या चाहता है और भारत रूस क्या बड़ा धमाका कर रहे हैं। दरअसल संयुक्त अरब अमीरात इन दिनों सऊदी अरब के साथ गंभीर संकट में फंसा हुआ है। यह दोनों देश यमन और सूडान में अलग-अलग गुटों का समर्थन कर रहे हैं। जिसकी वजह से इन दोनों देशों के बीच कूटनीतिक खींचतान शुरू हो गई है।

सऊदी अरब ने तो यमन में संयुक्त अरब अमीरात के समर्थन वाले गुट पर एयर स्ट्राइक तक कर दी। इन दोनों देशों के बीच बढ़ रहे विवाद का एक यह कारण भी है कि संयुक्त अरब अमीरात ने वित्तीय और व्यापारिक केंद्र के रूप में सऊदी अरब को काफी पीछे छोड़ दिया है। ऐसे में दोनों की खींचतान और ज्यादा बढ़ गई है। लेकिन इसी खींचतान को पाकिस्तान और गहरा कर रहा है। पाकिस्तान ने इस विवाद को बढ़ाने के लिए सबसे पहले तो सिर्फ सऊदी अरब के साथ एक डिफेंस डील कर ली।

उसके बाद एक इस्लामिक नाटो बनाने की मांग भी कर दी जिसके शुरूआती मेंबर्स पाकिस्तान, सऊदी अरब, तुर्की और कतर हो सकते हैं। अब यहां दिलचस्प बात यह है कि ये चारों देश संयुक्त अरब अमीरात से नाराज हैं।

## इजरायल के इशारे पर काम करते थे ट्रंप



**इजरायल**

**जेफरी** एपस्टीन से संबंधित फाइलों के नवीनतम बैच में नए आरोप सामने आए हैं। एफबीआई की एक रिपोर्ट में एक 'विश्वसनीय' गोपनीय मानव स्रोत (सीएचएस) का हवाला देते हुए दावा किया गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को इजराइल द्वारा प्रभावित किया गया है। रिपोर्ट में आगे आरोप लगाया गया है कि ट्रम्प के दामाद, जेरेड कुशनर ने अपने पहले कार्यकाल में ट्रम्प के संगठन और राष्ट्रपति पद के कामकाज पर अत्यधिक प्रभाव डाला था। इस सनसनीखेज दस्तावेज में यह भी दावा किया गया है कि कुशनर के परिवार के भ्रष्टाचार, रूसी धन प्रवाह और अति-जायोनी चाबाद नेटवर्क से संबंध थे। रिपोर्ट में कुशनर के पारिवारिक इतिहास का भी पुनरावलोकन किया गया है, जिसमें बताया गया है कि उनके पिता को पहले वित्तीय मामलों में दोषी ठहराया गया था, लेकिन बाद में ट्रंप ने उन्हें राष्ट्रपति क्षमादान दे दिया था।

सीएचएस ने दावा किया कि कुशनर ने रूसी निवेश की बड़ी रकम को इधर-उधर स्थानांतरित किया और रूसी राज्य से जुड़े संस्थानों से संबंधित हितों का ठीक से खुलासा नहीं किया।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि रियल एस्टेट निवेश प्लेटफॉर्म कैडर में कुशनर की हिस्सेदारी को चिंता का विषय बताया गया है, और सूत्र ने सवाल उठाया है कि क्या रूसी धन को बिचौलियों के माध्यम से अमेरिकी परियोजनाओं में लगाया गया था। इसके अलावा, एफबीआई की रिपोर्ट में ट्रंप के रियल एस्टेट सौदों पर पहले की रिपोर्टों का हवाला दिया गया, जिसमें विवादित बेवर्ली हिल्स हवेली का सौदा भी शामिल है।

## तबाही से जूझते श्रीलंका की मदद, भारत ने भेजे पुनर्निर्माण के लिए 10 पुल



**श्रीलंका**

**चक्रवात** दित्वा के बाद पुनर्निर्माण कार्य जारी है, इसी बीच भारत ने महत्वपूर्ण संपर्क व्यवस्था को बहाल करने में सहायता के लिए आईएनएस घरियाल पर सवार होकर कोलंबो के लिए 10 बेली पुलों की खेप भेजी है।

विदेश मंत्रालय (टएअ) ने एक्स पर एक पोस्ट में विवरण साझा करते हुए कहा कि पुलों की यह आपूर्ति भारत के 450 मिलियन अमेरिकी डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज का हिस्सा है, जिसकी घोषणा विदेश मंत्री जयशंकर की श्रीलंका यात्रा के दौरान की गई थी। भारत चक्रवात दित्वा के बाद पुनर्निर्माण कार्यों में अपना समर्थन जारी रखे हुए है। महत्वपूर्ण संपर्क व्यवस्था को बहाल करने में सहायता के लिए, आज विशाखापत्तनम से कोलंबो के लिए आईएनएस घरियाल पर सवार होकर 10 बेली पुलों की खेप भेजी गई। पुलों की यह आपूर्ति भारत के 450 मिलियन अमेरिकी डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज का हिस्सा है, जिसकी घोषणा विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर की श्रीलंका यात्रा के दौरान की गई थी।

पिछले साल के अंत में श्रीलंका में आए चक्रवात दित्वाह ने व्यापक बाढ़, भूस्खलन और बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाया, जिससे स्थानीय आपदा राहत तंत्र पूरी तरह चरमरा गए।

## राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने टैरिफ नीति का किया जोरदार बचाव



**अमेरिका**

**वॉल** स्ट्रीट जर्नल में एक लेख में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अन्य देशों पर लगाए गए व्यापक टैरिफ को यह कहकर उचित ठहराया है कि इनसे "अमेरिका को फिर से पटरी पर लाया गया", जबकि अन्य देशों पर इसके दुष्प्रभावों को खारिज करते हुए कहा कि वे बिल्कुल ठीक हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल में प्रकाशित एक लेख में ट्रम्प ने कहा कि जब मैंने पिछले अप्रैल में लगभग सभी विदेशी देशों पर ऐतिहासिक टैरिफ लगाए थे, तो आलोचकों ने कहा था कि मेरी नीतियों से वैश्विक आर्थिक मंदी आएगी। ट्रम्प ने लिखा, इसके बजाय, इसने एक अमेरिकी आर्थिक चमत्कार किया है, और हम तेजी से दुनिया के इतिहास की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का निर्माण कर रहे हैं, जबकि अन्य देश बिल्कुल ठीक हैं!

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कई बड़े-बड़े दावे करते हुए कहा कि उनके 'सुस्त' पूर्ववर्ती ने उन्हें एक तबाह अर्थव्यवस्था सौंपी थी, और उन पर अपनी नीतियों के माध्यम से विश्वव्यापी मंदी लाने का आरोप लगाया गया था। नौ महीने बाद, परिणाम सामने हैं, वे सभी भविष्यवाणियां पूरी तरह से गलत साबित हुई हैं। 2024 में मेरे चुने जाने के बाद से, हमने शेयर बाजार के 52 उच्चतम स्तर देखे हैं, और लगभग कोई मुद्रास्फीति नहीं हुई है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ! ट्रंप के लेख में कहा गया है, साथ ही यह भी बताया गया है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति दर 1.4% है और यह 4.4% की दर से बढ़ रही है।

वॉल स्ट्रीट जर्नल में ट्रंप के लेख में कहा गया है कि आर्थिक विकास से मुद्रास्फीति कम होती है और अमेरिकी कामगारों की वास्तविक आय में 1,000 से 2,000 अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई है। वॉल स्ट्रीट जर्नल में ट्रंप ने लिखा, "मुक्ति दिवस के बाद से शेयर बाजार में जबरदस्त उछाल आया है और इस बात की प्रबल संभावना है कि हम जल्द ही डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज का आंकड़ा 50,000 तक पहुंचा देंगे, जो कि सभी के लिए असंभव था, कम से कम एक साल में तो बिल्कुल नहीं! वॉल स्ट्रीट जर्नल में ट्रंप के हवाले से यह भी कहा गया है कि उनके प्रशासन ने एक ही साल में संघीय बजट घाटे में 27% की भारी कटौती की है और इससे भी अधिक अविश्वसनीय रूप से, हमने अपने मासिक व्यापार घाटे में 77% की आश्चर्यजनक कमी की है - और यह सब लगभग बिना मुद्रास्फीति के हुआ है।

## Indo-Pacific में दोस्ती मजबूत करने का किया वादा



**ऑस्ट्रेलिया**

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को नौरू को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। जयशंकर ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मित्रता को मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री लियोनेल रूवेन ऐंगिमिया, सरकार और नौरू गणराज्य की जनता को उनके स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी मित्रता को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध।

भारत में नाउरू के उच्चायोग ने इस दिन के महत्व पर प्रकाश डाला। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह दिन नाउरू के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो राष्ट्र की संप्रभुता की यात्रा और आत्मनिर्णय, लचीलेपन और राष्ट्रीय पहचान के प्रति इसकी अटूट प्रतिबद्धता का स्मरण कराता है। नाउरू ने 31 जनवरी 1968 को स्वतंत्रता प्राप्त की, और दुनिया के सबसे छोटे संप्रभु राज्यों में से एक बन गया, फिर भी दृढ़ शासन, सांस्कृतिक विरासत और अपने लोगों की आकांक्षाओं के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय समुदाय में अपना स्थान मजबूती से स्थापित किया। उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष चुउक से नाउरूवासियों की वापसी की 80वीं वर्षगांठ भी है, जो राष्ट्र के इतिहास के एक निर्णायक अध्याय की गंभीर स्मृति और हमारे लोगों की शक्ति, दृढ़ता और एकता को श्रद्धांजलि है। नौरू के साथ द्विपक्षीय संबंध सौहार्दपूर्ण और मैत्रीपूर्ण हैं। भारत एक सशक्त विकास भागीदार है और नौरू में भारत की सहायता को सर्वमान्य माना जाता है। भारत ने 1960 के दशक के आरंभ में संयुक्त राष्ट्र में नौरू की स्वतंत्रता का प्रस्ताव रखा था, जिसे तत्कालीन सोवियत संघ का समर्थन प्राप्त था। इसलिए, कैनबरा स्थित भारतीय उच्चायोग के अनुसार, नौरू भारत का विशेष सम्मान करता है।

ऑस्ट्रेलिया में भारतीय उच्चायुक्त को 2 अगस्त, 2021 से नौरू के लिए भी मान्यता प्राप्त है।

## शहबाज सरकार ने बुलाई इमरजेंसी मीटिंग

**पाकिस्तान**

**भारत** और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हुए 'सबसे महत्वपूर्ण व्यापार समझौते' ने न केवल अमेरिका में हलचल मचा दी है, बल्कि सीमा पार पाकिस्तान में भी इसका असर देखने को मिल रहा है। वर्षों की मेहनत के बाद तैयार हुए इस मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से भारत को उन क्षेत्रों में व्यापक बाजार पहुंच मिलेगी जो लंबे समय से यूरोप में पाकिस्तान की निर्यात सफलता का आधार रहे हैं, विशेषकर वस्त्र और परिधान। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ के कारण इन श्रम-प्रधान क्षेत्रों को सबसे अधिक नुकसान हुआ था। भारत-ईयू व्यापार समझौते के बाद अब पाकिस्तान को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

शहबाज शरीफ सरकार में अफरा-तफरी मची हुई है। यूरोपीय संघ पाकिस्तान का दूसरा सबसे बड़ा निर्यात बाजार है, और दांव पर सालाना 9 अरब डॉलर (82 लाख करोड़ रुपये) का निर्यात है, जिसमें ज्यादातर कपड़ा और परिधान शामिल हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत के साथ व्यापार समझौते के मद्देनजर निर्यात पर पड़ने वाले किसी भी प्रभाव से निपटने के लिए वह यूरोपीय संघ के संपर्क में है। इसके अलावा, पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने भी स्थिति की समीक्षा के लिए आपातकालीन रूप से अंतर-मंत्रालयी बैठक बुलाई। यह बैठक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पाकिस्तान में यूरोपीय संघ के राजदूत के बीच हुई बैठक के बाद हुई। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा हम इस मामले पर यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के साथ द्विपक्षीय रूप से और ब्रुसेल्स स्थित यूरोपीय संघ के मुख्यालय के साथ सामूहिक रूप से नजर रख रहे हैं। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते का समय पाकिस्तान के लिए बेहद चिंताजनक है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

## पाकिस्तान के 12 शहरों पर भयंकर हमला, BLA के खौफ से पोस्ट छोड़कर भागी सेना



**पाकिस्तान**

**एक** नहीं, दो नहीं, तीन नहीं, चार नहीं, पूरे के पूरे 12 शहर एक साथ बागी बलोचों का ऐसा हमला पाकिस्तान पर हुआ है कि पाकिस्तान की सेना कंफ्यूज हो गई है कि शहर कौन सा बचाएं और अपनी जान कैसे बचाएं। ग्वादर, कोटा, पस्ती, मस्तंग, नुष्की ऐसे ऐसे शहरों पर हमला हुआ है कि पुलिस थाने खाली हो गए हैं। बागी बलोचों का इन पर कब्जा हो गया है। पाकिस्तान की सेना सड़क से गायब है। हेलीकॉप्टर से पेट्रोलिंग और हमले की कोशिश है तो जवाब में गोलीबारी है। बीएलए के एक गुट ने ऑपरेशन हेरॉफ चलाया, और ऑपरेशन हेरॉफ के फेज टू में ऐसी तबाही मचा दी है कि इसकी तस्वीरें देखकर पाकिस्तानी सेना की भी रूह कांप गई है। पाकिस्तानी सैनिक अपनी जान बचाने के लिए अपना पोस्ट खाली करके भाग गए हैं और जो बीएएलए के आगे लड़ने की सोचे वो मार गिराए गए हैं। उनके बंदूक, उनके हथियार सब पर अब बीएलए का कब्जा है।

पाकिस्तान में इस वक्त बीएलए ने कोहराम मचाया हुआ है। ऑपरेशन हेरऑफ के फेज टू में एक बड़ी तबाही बलोच विद्रोहियों ने मचा दी है और पाकिस्तानी फौज को अपने पोस्ट छोड़कर भागने पड़ रहे हैं। पाकिस्तान का जियो न्यूज कहता है कि अब तक 10 सुरक्षाकर्मी मारे गए और पाकिस्तान सरकार का दावा है कि 58 आतंकी मारे गए हैं। लेकिन जिस तरह से सुरक्षा बलों सरकारी सुविधाओं और दूसरे सरकार पोषित केंद्रों को निशाना बनाकर हमला किया गया उस पे 12 से अधिक स्थल हैं जिसको एक साथ हमला किया गया। बलोच, कोएटा के अलावा पस्ती, मस्तंग, नुष्की, ग्वादर जिलों में एक साथ हमला करने के बाद सड़कों पर पेट्रोलिंग कर रहे हैं। कंट्रोल लिए सड़क पर खड़े हैं और वहां लोग कहीं जश्न मना रहे हैं तो कहीं लोग इन बागी बलोचों का साथ देते हुए नजर आ रहे हैं। बलूचिस्तान के 10 शहरों से अधिक पर एक साथ हमले शुरू हुए और एक के बाद एक बीएलए के हथियार बंद लड़ाके तस्वीरों में दिख रहे हैं और जश्न मना रहे हैं और वहां पर कब्जा कर रहे हैं। जानकारी यह मिली है कि यह विद्रोही लगातार इसलिए अब हम तेज कर रहे हैं क्योंकि पाकिस्तानी सेना जानबूझकर बलूचिस्तान के आम आवाम को भी निशाने पर ले रही है। उन्हें आतंकी बताकर उनकी जान ले ले रही है। ऐसे में रेलवे ट्रैक हो या फिर कहीं माइन हर जगह बालूचों ने बारूदी सुरंग बिछा दिया है तो कहीं बंदूक की नोक से पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर अपनी जीत दर्ज कर रहे हैं।